03 नवंबर 2026, मंगलवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 09, अंक - 42
Email-santalexpress20@gmail.com
संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

दुमका और जमशेदपुर से एक साथ प्रकासित

सुविचार
सकारात्मक सोच तुम्हें अंधा नहीं, बल्कि हिम्मती बनाती है

मुख्य न्यायाधीश ने देवघर में किया राज्यस्तरीय विधिक सेवा-सह-सशक्तीकरण शिविर का उद्घाटन

गरीबों तक पहुंचे न्याय की सुविधा : सीजेआई सूर्यकांत

- न्याय केवल अदालतों तक सीमित न रहे, जरूरतमंदों तक पहुंचे
- न्याय मित्रों को बताया अदालत और वंचितों के बीच मजबूत सेतु



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सोमवार शाम देवघर में आयोजित राज्यस्तरीय विधिक सेवा-सह-सशक्तीकरण शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि न्याय की पहुंच समाज के हर गरीब और जरूरतमंद व्यक्ति तक सुनिश्चित होनी चाहिए। न्याय केवल अदालतों तक सीमित न रहे, बल्कि जरूरतमंदों को उनके घर तक न्याय की सुविधा मिले। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति अपरेश कुमार सिंह के अलावा झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष एवं झारखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सीजेआई सूर्यकांत ने दीप प्रज्वलित कर की। इसके बाद उपस्थित अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान संताली भाषा में नालसा गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों के साथ पीड़ितों को मुआवजे के चेक भी प्रदान किए गए। सीजेआई ने पलामू में लीगल एड क्लिनिक का ऑनलाइन उद्घाटन भी किया।

न्याय व्यवस्था में भरोसा कायम करना जरूरी

अपने संबोधन में सीजेआई ने अस्पताल और न्याय व्यवस्था के बीच समानता बताते हुए कहा कि जिस तरह अस्पताल में नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ और डॉक्टर मरीज को इलाज का भरोसा दिलाते हैं, उसी तरह न्याय व्यवस्था से जुड़े लोगों को भी जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर उनमें भरोसा जगाना चाहिए। समाज के जिन लोगों को न्याय नहीं मिल पा रहा है, उन्हें हरसंभव सहयोग देकर न्याय दिलाने की दिशा में काम करना चाहिए।

गरीबों और अदालत के बीच सेतु हैं न्याय मित्र

न्याय मित्रों की भूमिका पर उन्होंने कहा कि समाज के गरीब और वंचित लोगों तथा न्यायालय के बीच न्याय मित्र एक मजबूत कड़ी हैं। वे सेतु बनकर जरूरतमंदों को अदालत तक पहुंचाने और उन्हें न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद सीजेआई न्यायमूर्ति सूर्यकांत विशेष विमान से रांची के लिए रवाना हो गए।

सीजेआई ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

देवघर। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सोमवार को देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक कर सभी के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मंदिर पहुंचने पर स्थानीय प्रशासन और मंदिर प्रबंधन की ओर से उनका स्वागत किया गया। इसके बाद तीर्थ पुरोहितों ने विधि-विधान के साथ संकल्प कराया। फिर उन्हें गर्भगृह में ले जाया गया, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने बाबा बैद्यनाथ को जल अर्पित किया और पूजा-अर्चना की। बाबा बैद्यनाथ की पूजा के बाद न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने मंदिर परिसर स्थित अन्य प्रमुख मंदिरों में भी दर्शन किए। उन्होंने माता पार्वती मंदिर में शीश नवाकर विधिवत पूजा की और सभी के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

देवघर बार एसोसिएशन ने की सीजेआई से संताल परगना में हाईकोर्ट बेंच स्थापित करने की मांग



देवघर। देवघर बार एसोसिएशन ने 2 नवंबर को देवघर दौरे पर पहुंचे भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत का गर्मजोशी से स्वागत किया। एसोसिएशन ने इसे देवघर के पूरे विधिक समुदाय के लिए गौरव और सम्मान का अवसर बताया। स्वागत संबोधन में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति अपरेश कुमार सिंह के प्रति भी आभार जताया गया। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय का भी विशेष रूप से स्वागत किया गया। एसोसिएशन ने कहा कि देवघर बार का गौरवशाली इतिहास सौ साल से अधिक पुराना है। इस बार से कई प्रतिष्ठित अधिवक्ता निकले हैं, जिन्होंने आगे चलकर हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं। यहां के अधिवक्ताओं ने सामाजिक कार्यों और जनसेवा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कई अधिवक्ता विधायक, विधान पार्षद और देवघर नगर निकाय के अध्यक्ष के रूप में जनता की सेवा कर चुके हैं। स्वागत संबोधन के दौरान देवघर में झारखंड हाईकोर्ट की बेंच स्थापित करने की प्रमुख मांग उठाई गई। एसोसिएशन ने कहा कि भौगोलिक स्थिति और बेहतर संपर्क सुविधाओं के लिहाज से देवघर संताल परगना में हाईकोर्ट बेंच स्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त स्थान है। इसके पक्ष में देवघर की रेल कनेक्टिविटी, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अंतरराज्यीय बस टर्मिनल, होटल, धर्मशाला और अन्य आवासीय सुविधाओं का हवाला दिया गया। साथ ही देवघर में एम्स जैसी बेहतर चिकित्सा सुविधा और जिला बार एसोसिएशन की समृद्ध लाइब्रेरी को भी महत्वपूर्ण बताया गया। एसोसिएशन का कहना था कि देवघर में हाईकोर्ट की बेंच स्थापित होने से संताल परगना के अधिवक्ताओं और वादकारियों को न्याय पाने में सुविधा होगी। अंत में मुख्य न्यायाधीश के उत्तम स्वास्थ्य और देश की न्यायिक व्यवस्था में उनके लंबे एवं सफल कार्यकाल की कामना की गई।

संक्षिप्त खबरें

चक्रवाती तूफान मुरासु के प्रभाव से झारखंड में आज और कल बारिश के आसार

रांची । पश्चिम-मध्य और उससे सटे दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में सक्रिय चक्रवाती तूफान मुरासु के प्रभाव से तीन और चार नवंबर को झारखंड के कई जिलों में बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवाती तूफान मुरासु पूर्व में आए तूफान अर्नब की तुलना में कमजोर है। यह फिलहाल 25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। तूफान चेन्नई (तमिलनाडु) से लगभग 200 किलोमीटर पूर्व-उत्तर-पूर्व, नेल्लोर (आंध्र प्रदेश) से 210 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण-पूर्व, मछलीपट्टनम से 270 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण-पूर्व, कावली से 220 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण-पूर्व और ओंगोल से 260 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित है।

झुंझुनूं में करंट लगने से आठ मजदूरों की मौत

झुंझुनूं । राजस्थान के झुंझुनूं जिले के उदयपुरवाटी क्षेत्र के छापोली गांव में सोमवार को सड़क निर्माण के दौरान बड़ा हादसा हो गया। कदम कुंड मार्ग पर काम कर रही रोड़ी मिलाने वाली मशीन ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन बिजली लाइन के संपर्क में आ गई। मशीन में करंट फैलने से वहां काम कर रहे मजदूर इसकी चपेट में आ गए। हादसे में आठ मजदूरों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग झुलस गए।

विमान से यात्रा मत कीजिए : सुप्रीम कोर्ट

हवाई किराए में 700 प्रतिशत बढ़ोतरी की याचिका पर की टिप्पणी



एजेंसी

नई दिल्ली । त्योहारों के मौसम में हवाई टिकटों की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी का मामला सोमवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। घरेलू उड़ानों के किराए में करीब 700 प्रतिशत तक वृद्धि का आरोप लगाते हुए याचिकाकर्ता ने मामले की तत्काल सुनवाई की मांग की। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा, हवाई यात्रा मत कीजिए। अदालत ने मामले की तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति अपरेश कुमार सिंह की पीठ के सामने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा कि हवाई किराए में 700 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। इस पर पीठ ने कहा कि विमान से यात्रा मत कीजिए। वकील ने दलील दी कि हवाई यात्रा एक आवश्यक सेवा है और किराए में इस तरह की वृद्धि संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है।

दरअसल, सामाजिक कार्यकर्ता एस. लक्ष्मीनारायणन ने पहले ही सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर विमानन क्षेत्र में पारदर्शिता, यात्रियों के हितों की सुरक्षा और हवाई किराए में मनमानी बढ़ोतरी रोकने के लिए स्वतंत्र नियामक व्यवस्था बनाने की मांग की है।

इससे पहले जनवरी में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने त्योहारों के समय हवाई किराए में भारी बढ़ोतरी को यात्रियों का शोषण बताया था और केंद्र सरकार से जवाब मांगा था।

1 जनवरी 2027 से विमान कंपनियां खुद तय करेंगी टिकट के दाम, हवाई किराए पर सरकार का नियंत्रण खत्म

नई दिल्ली । भारत में हवाई सफर करने वाले यात्रियों के लिए एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। सरकार की ओर से जारी नए नोटिफिकेशन के मुताबिक, आने वाले समय में विमान किराए को लेकर सरकार का सीधा दखल खत्म हो जाएगा। एयरलाइंस कंपनियां अपनी संचालन लागत के आधार पर खुद टिकट के दाम तय करने के लिए स्वतंत्र होंगी। सरकार के इस नए नियम के तहत 1 जनवरी 2027 से एयरलाइंस पर किराया बढ़ाने या घटाने को लेकर कोई सरकारी पाबंदी नहीं रहेगी, हालांकि किसी आपात या विशेष परिस्थिति में जनहित को ध्यान में रखते हुए सरकार न्यूनतम या अधिकतम सीमा तय करने जैसे मामलों में हस्तक्षेप कर सकती है। नए नियमों के अनुसार, विमानन कंपनियों को अपने किराए की पूरी पारदर्शिता बरतनी होगी।

सोनिया की लालू से मुलाकात, तेजस्वी ने कहा- चुनौतियों के लिए एकजुट हो विपक्ष

एजेंसी

नई दिल्ली । नई दिल्ली में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य का हालचाल जाना। इस दौरान राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव भी मौजूद रहे, जिन्होंने देशभर में विपक्षी दलों को एकजुट होकर वर्तमान चुनौतियों का सामना करने का आह्वान किया।

यह मुलाकात दिल्ली स्थित लालू प्रसाद की बड़ी बेटी और पाटलिपुत्र सांसद मीसा भारती के आवास पर हुई। तेजस्वी ने बताया कि लालू यादव नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए दिल्ली आए हुए थे। रविवार को उनकी सोनिया गांधी से फोन पर बात हुई थी और लालू प्रसाद के दिल्ली में होने की जानकारी मिलने पर सोनिया गांधी ने स्वयं उनसे मिलने की इच्छा जाहिर की थी, जिसके बाद यह भेंट हुई। उन्होंने दोनों परिवारों के बीच दशकों पुराने मधुर संबंधों का जिक्र कर कहा कि सोनिया गांधी और लालू प्रसाद ने हमेशा एक-दूसरे के कठिन समय में सहयोग किया है। यह एक लंबे अंतराल के बाद दोनों नेताओं की मुलाकात थी।



तेजस्वी ने विपक्षी एकजुटता पर जोर देकर कहा कि केवल बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे देश में विपक्षी दलों को एक साथ आकर मजबूती से चुनौतियों का सामना करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक सभी विपक्षी दल एकजुट नहीं होते हैं, तब तक वर्तमान लड़ाई को जीता नहीं जा सकता। उनका यह बयान विपक्षी इंडिया गठबंधन की मजबूती के प्रयासों के बीच आया है।

उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से जुड़े मुद्दे पर अपनी बात रखी, जिसमें कहा कि जब तक उन पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक विपक्ष चुप नहीं बैठेगा और उनका संघर्ष जारी रहेगा।

दिवाली पर दिल्ली-एनसीआर में दो दिन जला सकेंगे ग्रीन पटाखे, सुप्रीम कोर्ट की सशर्त अनुमति

एजेंसी

नई दिल्ली । उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर लगा बैन दिवाली पर दो दिनों के लिए सशर्त हटाने आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि सर्टिफाइड ग्रीन पटाखे 7 और 8 नवंबर को सुबह 6 से 7 बजे और रात 8 से 10 बजे के दौरान जला सकेंगे। इस साल दिवाली 8 नवंबर को है।

जस्टिस एमएम सुंदरेश की अध्यक्षता वाली बेंच ने निर्देश दिया कि उपरोक्त अवधि के दौरान भी हॉस्पिटल, नर्सिंग होम, प्राइमरी और डिस्ट्रिक्ट हेल्थ सेंटर, ओल्ड-एज होम, शैक्षणिक संस्थान और किसी भी नोटिफाइड साइलेंस जोन के 300 मीटर के दायरे में कोई भी पटाखा नहीं जलाया जाएगा। नौ नवंबर से पटाखों पर फिर से पूर्ण प्रतिबंध लागू हो जाएगा। न्यायालय ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि दिल्ली-एनसीआर में पटाखों के सभी निर्माताओं और व्यापारियों से एक वित्तीय सुरक्षा लिया जाए। यदि न्यायालय के आदेश का उल्लंघन होता है, तो उनकी यह सुरक्षा राशि जब्त कर ली जाएगी।

14वीं जेपीएससी परीक्षा में गड़बड़ी मामले में 10 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर

संवाददाता

रांची । 14वीं झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) परीक्षा में हुई कथित अनियमितता, पैसे के लेनदेन मामले में सीआईडी ने पूरक आरोप पत्र सीआईडी की विशेष कोर्ट में दायर की है।इस चार्जशीट में बुद्धेश्वर भगत और रमेश कुमार समेत कुल 10 आरोपियों को नामजद किया गया है।इससे पहले जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष एल ख्यांते समेत 12 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया था।जिनके खिलाफ पूरक आरोप पत्र दायर किया गया उनमें सिंडिकेट का सक्रिय सदस्य बुद्धेश्वर भगत, रमेश कुमार, अभ्यर्थी उमाकांत उरांव, रोशन केरकेट्टा एवं मनोज कुमार, बिचौलिया धर्मेंद्र कुमार, परीक्षा गड़बड़ी में शामिल रक्षक सिंह, बिचौलिया अरुण कुमार, दलाल ब्रज कुमार राम और उमेश कुमार शामिल हैं।इस मामले में जांच एजेंसी अब तक कुल 34 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। सीआईडी ने आरोपियों के खिलाफ पैसे के साठ-गांठ से परीक्षा को प्रभावित करने की बात बतायी है। इसके अलावा जांच एजेंसी को डिजिटल साक्ष्य और वित्तीय लेनदेन के सबूत भी मिले हैं।जांच एजेंसी को पता चला है कि परीक्षा में कई अभ्यर्थियों से सेटिंग कर पास कराने के नाम पर लाखों रुपये की वसूली की गयी है।साथ ही ओएमआर शीट में हेरफेर करने, अन्य उम्मीदवारों को इस आपराधिक सिंडिकेट से जोड़ने में भूमिका निभाने, गोपनीय दस्तावेजों तक अवैध पहुंच बनाने, आदि आरोप लगाए गए हैं।

इसी महीने लॉन्च होगी 100 प्रतिशत इथेनॉल से चलने वाली कार टोयोटा इनोवा : गडकरी

एजेंसी

नई दिल्ली । पेट्रोल की बढ़ती कीमतों और वैकल्पिक ईंधन को बढ़ावा देने के बीच टोयोटा अपनी लोकप्रिय इनोवा का 100 प्रतिशत इथेनॉल से चलने वाला फ्लेक्स-फ्यूल मॉडल लॉन्च करने जा रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि उन्हें इस महीने होने वाले लॉन्च कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण मिला है।

गडकरी के मुताबिक, यह कार पूरी तरह इथेनॉल यानी ई-100 ईंधन पर चलने में सक्षम होगी। इसमें इलेक्ट्रिफाइड हाइब्रिड तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। मंत्री ने दावा किया कि गाड़ी चलते समय करीब 60 प्रतिशत समय इलेक्ट्रिक मोड में भी काम कर सकती है।



देवघर कॉलेज में फंड घोटाला मामले में लोक भवन सचिवालय सख्त, एसकेएमयू से कार्रवाई की रिपोर्ट तलब

28 जून 2025 की सिंडिकेट में आरोपी प्राचार्य एवं कर्मियों पर एफआईआर का हुआ था फैसला

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

रांची/देवघर। देवघर कॉलेज में जैक फंड में कथित फर्जीवाड़ा और अवैध निकासी के तीन साल पुराने मामले में राज्यपाल सचिवालय ने सख्त रुख अपनाते हुए एसकेएमयू दुमका के कुलपति को आरोपी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई पूरी करने और दंडादेश पारित कर अनुपालन प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया है।

इस मामले में सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के सिंडिकेट की दो बैठकों में फैसलों में हुए बदलाव को लेकर भी राज्यपाल सचिवालय ने गंभीर है। राज्यपाल सचिवालय ने विश्वविद्यालय के कुलपति से पूछा है कि 28 जून 2025 और 26 सितंबर 2025 को हुई सिंडिकेट की बैठकों में एक ही मामले को लेकर लिए गए निर्णयों में बदलाव क्यों किया गया।

राज्यपाल सचिवालय की ओर से अवर सचिव संजय कुमार द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि देवघर कॉलेज के जैक फंड में कथित वित्तीय गड़बड़ी कर अवैध निकासी के मामले में दोषी अधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई संचालित करने का निर्देश पहले ही दिया गया था। इस संबंध में राज्यपाल सचिवालय ने 20 अप्रैल 2023 को भी विश्वविद्यालय को पत्र भेजा था।लेकिन विश्वविद्यालय ने अब तक विभागीय कार्रवाई का अंतिम निस्तारण नहीं किया है और न ही किसी प्रकार के दंड अधिरोपण की सूचना उपलब्ध कराई है।

विश्वविद्यालय सिंडिकेट की 28 जून 2025 को हुई बैठक की कार्यवाही के अनुसार, बैठक में 30 अप्रैल 2025 को आयोजित अनुशासन समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों पर विचार किया गया था। इसमें देवघर कॉलेज के तत्कालीन प्राचार्य डॉ. बसंत कुमार गुप्ता, बर्सर डॉ. चंद्रशेखर आजाद और लेखापाल मयंक केश रंजन के विरुद्ध विश्वविद्यालय के कुलसचिव/कुलानुशासक के माध्यम से संबंधित थाना में एफआईआर दर्ज कराने का निर्णय लिया गया था। कार्यवाही में उक्त कर्मचारियों को निलंबित करने का निर्णय भी दर्ज है।

इसके बाद 26 सितंबर 2025 को आयोजित सिंडिकेट की बैठक में 28 जून 2025 की बैठक के कार्यसूची संख्या-4 में लिए गए निर्णय पर पुनर्विचार किया गया। कार्यवाही के अनुसार, राज्यपाल सचिवालय के 16 मार्च 2023 के पत्रांक 824 के आलोक में 30 अप्रैल 2025 की अनुशासन समिति की अनुशंसा तथा 28 जून 2025 के सिंडिकेट के निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए बहुमत से इसे अमान्य करने का फैसला लिया गया।

इस फैसले के पीछे तर्क दिया गया कि देवघर कॉलेज के तत्कालीन प्राचार्य डॉ. बसंत कुमार गुप्ता, बर्सर डॉ. चंद्रशेखर आजाद और लेखापाल मयंक केश रंजन के विरुद्ध पूर्व में दंडात्मक कार्रवाई की जा चुकी है। इसलिए एक ही मामले में बार-बार दंडित नहीं किया जा सकता।

सिंडिकेट के निर्णय की समीक्षा व बदलाव का अधिकार सिर्फ कुलाधिपति को है!

सूत्रों के अनुसार 26 सितंबर 2025 की बैठक की कार्यवाही में एक महत्वपूर्ण असहमति नोट भी दर्ज है।

शेष पेज 2 पर.....

रांची : भाजपा की लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ पदयात्रा

संवैधानिक संस्थाओं का अपमान कर अपनी हार छिपा रही है कांग्रेस : केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव



संवाददाता

रांची । केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल उरांव ने कहा कि चुनाव जीतकर संसद में आने और अपनी बात रखने के बजाय विपक्ष बाहर मॉक पार्लियामेंट चला रहा है।राहुल गांधी की गतिविधियों से 1975 के आपातकाल की याद आती है। कांग्रेस अपनी हार छिपाने के लिए कभी इवीएम, कभी सुप्रीम कोर्ट तो कभी चुनाव आयोग को अपमानित करती है। सोमवार को रांची में भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' पदयात्रा से पहले आयोजित सभा में उन्होंने ये बातें कहीं।श्री उरांव ने कहा कि 1952 से देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया लगातार मजबूत हुई है, लेकिन कांग्रेस जनादेश को स्वीकार करने के बजाय संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठा रही है।बैलेट पेपर से हुए एमएलसी चुनाव में भी कांग्रेस का सफाया हो गया, इसके बावजूद पार्टी अपनी हार का ठीकरा चुनाव प्रणाली पर फोड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष देश में बांग्लादेश, श्रीलंका और नेपाल जैसी अराजकता फैलाने का सपना देख रहा है।हालांकि भारत का लोकतंत्र और यहां के मतदाता बेहद मजबूत हैं। ऐसे प्रयास कभी सफल नहीं होंगे।केंद्रीय मंत्री ने झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर भी निशाना साधा।उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना फेल हो चुकी है।योजना के पैसे को लेकर झामुमो और कांग्रेस के बीच रोज आपसी लड़ाई हो रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को जनता के मुद्दों और विकास पर ध्यान देना चाहिए, लेकिन विपक्षी दल राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप में उलझे हुए हैं।इससे पहले भाजपा की ओर से 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' अभियान के तहत मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका से पदयात्रा निकाली गयी।पदयात्रा कचहरी होते हुए जेल मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा संग्रहालय पहुंची।इसमें प्रदेश प्रभारी गजेंद्र सिंह पटेल, प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, जदयू विधायक सरयू राय, विधायक सीपी सिंह समेत बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने एसआइआर के समर्थन और विपक्ष के विरोध में नारे लिखी तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया।

भाजपा के प्रदेश प्रभारी गजेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि 1952 से 2025 तक देश में 12 बार एसआइआर की प्रक्रिया हुई है. इनमें 10 बार कांग्रेस के शासनकाल में यह प्रक्रिया पूरी की गयी, लेकिन तब कांग्रेस ने विरोध नहीं किया।

वैश्य को मुख्यधारा में शामिल करने के लिए युवा पीढ़ी को आगे लाना होगा

वैश्य गरिमा पंच की बैठक में एकजुट होने पर बल



संताल एक्सप्रेस संवाददाता
रांची। आज वैश्य समुदाय विभिन्न उपजातियों में विभाजित है। उन्हें एकजुट कर एक मंच पर लाना होगा तभी हम राष्ट्र की मुख्यधारा में शामिल होकर अपनी सशक्त पहचान बना सकते हैं। हमें अपने समाज की युवा शक्ति को आगे लाना होगा। वैश्य समुदाय की पहचान हमारी परंपरा और व्यवहार से नहीं हमारी ईमानदारी और उद्यमिता से होनी चाहिए। वैश्यों को एकजुट करने के लिए बेटी रोटी का संबंध आपस में करना होगा।वैश्य समुदाय मे नीचले स्तर के जो लोग हैं , वे हमसे कटे हुए हैं। उन्हें हमें जोड़ना होगा। उपयुक्त उद्गार रविवार को प्रेस क्लब में आयोजित वैश्य गरिमा मंच की बैठक में वक्ताओं ने व्यक्त किए। बैठक के मुख्य अतिथि मंच के राष्ट्रीय स्तर शत्रुध्न साह ने कहा कि हमें अब भलू जाना होगा कि हम तेली, रौनियार,जायसवाल, हलवाई ,सूढी आदि हैं। हम गर्व से कहें कि हम वैश्य हैं। भारत में हमारी आबादी 35 करोड़ है। हमें अपनी राजनीतिक पहचान बनानी होगी। हमारे वैश्य समुदाय के कोई उम्मीदवार चुनाव में खड़े होते हैं तो हम उन्हें तन मन धन से सहयोग करेंगे। पूर्व मुख्य सचिव आर एस पोद्धार ने कहा कि साझा लक्ष्य के लिए हमें काम करना होगा। हमें बीच बीच में आपस में मिलकर वैश्य एकता के लिए काम करना होगा। डीआईजी सुनील कुमार गुप्ता ने कहा कि हमें तन, मन और धन से आपस में सहयोग कर वैश्य एकता को कायम करने का संकल्प लेना होगा। वैश्य समुदाय के अधिकारी जहां भी रहे जरूरतमंद वैश्यों की मदद करें। डॉ टीपी वर्णवाल ने कहा कि वैश्यों के कल्याण केलिए हम हर तरह से सहयोग करने को तैयार हैं। आर्थोपेडिक सर्जन डॉ संजय कुमार जायसवाल ने वैश्यों की एकता समय की आवश्यकता बताते हुए सहयोग करने का आश्वासन दिया। सुधीर कुमार साहु ने वैश्यों की एकजुटता के लिए बेटी रोटी का संबंध बनाने पर बल दिया। रिटायर्ड शिक्षक संजय कुमार गुप्ता ने वैश्यों की एकजुटता के लिए हर साल वैश्य गरिमा दिवस मनाने का सुझाव दिया। अशोक साहु ने मेधावी छात्र छात्राओं के आवासीय सुविधा के लिए रांची में वैश्य भवन बनाने का सुझाव दिया। जगदीश साहु,वींरेंद्र कुमार,अरूण कुमार गुप्ता, मीनाक्षी गुप्ता ,वरिष्ठ पत्रकार अशोक कुमार आदि ने भी अपने अपने विचार रखे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंव के प्रदेश अध्यक्ष डॉ विजय राज ने कहा कि आज जो अपने लोगों में जो उत्साह है उसे आगे भी कायम रखना होगा। स्वागत भाषण करते हुए रिटायर्ड जज अरूण कुमार गुप्ता वैश्य समुदाय की वर्तमान स्थिति पा विस्तार से प्रकाश डाला।मंच का संचालन विश्नाथ प्रसाद ने किया।

जेटेट परीक्षा में प्रश्नपत्र मिलते ही भागने की कोशिश करने वाला परीक्षार्थी गिरफ्तार

पलामू । झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) के दौरान रविवार को पलामू के एक परीक्षा केंद्र से प्रश्नपत्र लेकर भागने की कोशिश करने वाले परीक्षार्थी सुशील कुमार पाठक (57) को गिरफ्तार कर सोमवार को पुलिस ने जेल भेज दिया।सुशील जिले के गढवा के पाचाडुमर के सहायक अध्यापक हैं। घटना जिले के पाटन प्रखंड के आरके मिडिल स्कूल स्थित परीक्षा केंद्र पर हुई थी। परीक्षार्थी को प्रश्नपत्र मिलने के महज छह मिनट बाद ही भागने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया। पकड़े गए परीक्षार्थी की पहचान सुशील कुमार पाठक के रूप में हुई है। जेल भेजे जाने की पुष्टि पाटन थाना प्रभारी आशीष विद्यार्थी ने की है।उल्लेखनीय है कि इस संबंध में प्रतिनियुक्त स्टैटिक मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार ने पाटन थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन के अनुसार एक नवंबर को आरके मीडिल स्कूल पाटन में जेटेट की परीक्षा आयोजित की जा रही थी। सुबह करीब 9.36 बजे कक्षा संख्या छह में एक परीक्षार्थी प्रश्नपत्र मिलने के तुरंत बाद उसे लेकर परीक्षा केंद्र से बाहर भागने का प्रयास करने लगा। वहां मौजूद पुलिस और प्रशासन की टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे मौके पर ही पकड़ लिया।स्टैटिक मजिस्ट्रेट के अनुसार परीक्षार्थी की इस हरकत से परीक्षा की निष्पक्षता प्रभावित हो सकती थी। साथ ही उसने सरकारी कार्य में बाधा डालने का भी प्रयास किया। आवेदन में बताया गया है कि प्रारंभिक पूछताछ के दौरान परीक्षार्थी ने अनुचित साधन के इस्तेमाल की बात स्वीकार की है। इसके बाद उसे आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस के हवाले कर दिया गया।मजिस्ट्रेट ने मामले को गंभीर मानते हुए पाटन थाना प्रभारी से संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया था।इससे पहले पलामू जिले में जेटेट के लिए बनाए गए 47 परीक्षा केंद्रों पर दोनों पालियों में 25556 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। 4878 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। विभिन्न जिलों के कुल 30434 महिला-पुरुष परीक्षार्थियों का सेंटर पलामू के विभिन्न स्कूल-कॉलेजों में था। पहली पाली में 19284 परीक्षार्थियों में से 15923 ने परीक्षा दी।

चतरा में 1.028 किलो अफीम के साथ एक गिरफ्तार, मोबाइल जब्त

चतरा । नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पत्थलगडा पुलिस ने रविवार को नावाडीह के पास छापेमारी कर 1.028 किलोग्राम अवैध अफीम के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपित की पहचान गिद्धौर थाना क्षेत्र के ब्लॉक मोड़, ऊपर टोला निवासी संजय ठाकुर उर्फ संतोष कुमार ठाकुर (40) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक कीपैड मोबाइल भी जब्त किया है।सिमरिया एसडीपीओ नागरगेज शुभम भाऊ साहेब ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपित रांची से अवैध मादक पदार्थ खरीदकर नावाडीह होते हुए गिद्धौर जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने नावाडीह के पास भेलवाड़ा मोड़ पर एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान संदेह के आधार पर आरोपित को पकड़ा गया।तलाशी लेने पर उसके पास से 1.028 किलोग्राम अफीम बरामद हुई। इस मामले में पत्थलगडा थाना में मामला दर्ज कर एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। यह कार्रवाई चतरा पुलिस की ओर से नशे के तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन चतरा के तहत की गई।छापेमारी दल में अंचल सह प्रखंड विकास पदाधिकारी उदल राम, थाना प्रभारी राकेश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक विकास कुमार, सहायक अवर निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह सहित पत्थलगड़ा थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

घर के बाहर युवक ने लगाई बाइक, उड़ा ले गया चोर

रामगढ़ । शहर में एक बार फिर बाइक चोर गिरोह सक्रिय हो गया है। मुख्य बाजार से लेकर शहर की गलियों में यह गिरोह बड़ी आसानी से बाइक चोरी कर फरार हो रहा है। एक के बाद एक लगातार बाइक चोरी की घटनाओं को रोकने में रामगढ़ थाना पुलिस विफल साबित हो रही है। रामगढ़ महाविद्यालय के पीछे शिवपुरी कॉलोनी से एक और बाइक चोरी की घटना सामने आई है।सोमवार को मामले में भुक्तभोगी रजरप्पा थाना क्षेत्र के लारी निवासी संजय कुमार प्रभाकर ने रामगढ़ थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। आवेदन में कहा है कि मेरा छोटा भाई कृष्णा प्रभाकर शिवपुरी कॉलोनी ओल्ड एनएचएआई के ऑफिस के निकट मणी महतो के मकान में किराए पर रहता है। 31 अक्टूबर की शाम में छोटा भाई पैशन प्रो बाइक संख्या जेएच 24डी 9829 को किराए के मकान के पास खड़ी कर अंदर चला गया।इसके बाद रूम से बाहर निकला तो बाइक उस स्थान पर नहीं थी। इसी दौरान घर के बगल में लगे सीसीटीवी कैमरा का फुटेज देखा तो किसी अज्ञात व्यक्ति जो रेनकोट पहने हुए था, बाइक के पास आया और उसे स्टार्ट कर टायर मोड़ की ओर भाग गया। इधर, पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

15 नवंबर से शुरू होगा 'उलगुलान एक क्रांति' कार्यक्रम



रांची। झारखंड आंदोलनकारियों के हक-अधिकार, सम्मानजनक पेंशन और उनके बच्चों को शत-प्रतिशत नौकरी देने की मांग को लेकर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा 15 नवंबर 2026 से 'उलगुलान एक क्राति' कार्यक्रम शुरू करेगा। इसकी घोषणा रविवार को कांके के सुंदर नगर में आयोजित रांची जिला स्तरीय बैठक में मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने की।इस मौके पर पुष्कर महतो ने कहा कि कार्यक्रम के तहत 45 आंदोलनकारी अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठेंगे। झारखंड आंदोलनकारियों और झारखंडियों के अस्तित्व, अस्मिता एवं पहचान को मिटने नहीं दिया जाएगा। अबुआ राज की परिकल्पना को साकार करना सभी झारखंडियों की जिम्मेदारी है। इसी संकल्प के साथ 15 नवंबर को पारंपरिक वाद्ययंत्रों और शस्त्रों के साथ आंदोलनकारी रांची के बिरसा चौक पहुंचकर आंदोलन का आगाज करेंगे।बैठक में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रभारी अनथन लकड़ा ने कहा कि आंदोलनकारी अपने बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष करेंगे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे विनीत लकड़ा ने कहा कि झारखंड के मूल्यों और पहचान की रक्षा के लिए 15 नवंबर से आंदोलन तेज किया जाएगा।बैठक में शीला कच्छप, हर्षनाथ साहू, अपर्णा बाडा, करुणा बाडा, हरि नाथ साहू, रंथु उरांव, मोतीलाल उरांव, एतवा मुंडा, अनिल पॉल, सुनीता एक्का, प्रवीणा, प्रभु नाथ मासी, हिरनाथ साहू, प्रवीण गुड़िया और संजय पाहन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल संकेत आर दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-आसनसोल, 713301 होतेते लातार रे ओलाकान कामी लागित् खुला ई-ठिका नेवतायेत् काना। **खुला ठिका खोबोर संख्याः 78-एसडीएसटीई-एएसएन-2026-27, माहित 29.10.2026,** कामी रेयाक् जुतुम/जायगाः ''आसनसोल मंडलः- लातार रे ओलाकान बाबोत रे एस एंड टी कामी। i) सीतारामपुर-झाझा खंड रे जैकेटिंग सांवते ब्रिज नंबर 643/अप आर डाउन रेयाक् ब्रॉड गेज मेन लाइन स्टैंडर्ड गर्डर बोदोल आर एमान तेयाक् सोंगे कामी। ii) आसनसोल-खाना खंड रे कालीपहाड़ी-दामोदर जंक्शन ताला रे ब्रिज नं. 2डीके रेयाक् रीगर्डनिंग सांवते एमान तेयाक् सोंगे कामी''। **ठिका रेयाक् पूंजीः रु.** 26,74,994.03, **बायना पायसाः रु.** 53,500/- **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** एलओए ओडोडोक् रेयाक् तारीक खोन 12 चान्दो। ठिका **बोंदोक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** माहित 20.11.2026 हिलोक् 14.00 बजे। वेबसाइट रेयाक् बानाडायः **http://www.ireps.gov.in/**
ASN-308/2026-27
ठिका खोबोर दो वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान
नोंड़े पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

खूंटी । गुमला जिले के कामडारा थाना क्षेत्र के पोकला गेट रेलवे क्रॉसिंग के समीप रविवार देर रात मालगाड़ी की चपेट में आने से 19 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में युवक के दोनों हाथ और दोनों पैर कटकर अलग हो गए। गंभीर अवस्था में उसे इलाज के लिए खूंटी सदर अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।मृतक की पहचान मंगलदीप कंडुलना (19) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से सिमडेगा जिले के बानो प्रखंड अंतर्गत गट्टीबंधु, पूजारटोली का निवासी था। हालांकि, उसके परिजन पिछले कई वर्षों से कामडारा प्रखंड के कुदा गांव में घर बनाकर रह रहे हैं।

34वीं राष्ट्रीय सब जूनियर थ्रोबॉल प्रतियोगिता में झारखंड बना चैंपियन,बेटियों का लहराया परचम



संताल एक्सप्रेस
रांची। 34वीं राष्ट्रीय सब जूनियर थ्रो बॉल प्रतियोगिता में झारखंड की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है।झारखंड की बेटियों ने पूरे टूर्नामेंट में अपना दबदबा कायम रखा और लीग चरण से लेकर फाइनल तक सभी मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए अपराजित चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित विवेकानंद कॉलेज परिसर में 30 अक्तूबर से एक नवंबर 2026 तक आयोजित इस प्रतियोगिता में झारखंड की बालिका टीम ने अपने अभियान की शुरुआत मध्य प्रदेश को 25-08, 25-20 से पराजित कर की. इसके बाद महाराष्ट्र को 25-23, 25-28 तथा आंध्र प्रदेश को 25-06, 25-16 से हराकर लीग चरण में अपनी मजबूत स्थिति बनाई।नॉकआउट मुकाबलों में भी टीम का शानदार प्रदर्शन जारी रहा।क्वार्टर फाइनल में तेलंगाना को 25-07, 25-04 से तथा सेमीफाइनल में मुंबई को 25-09, 25-18 से पराजित कर झारखंड ने फाइनल में प्रवेश किया। खिताबी मुकाबले में झारखंड की खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल और अद्भुत टीम भावना का परिचय देते हुए तमिलनाडु को 25-16, 25-23 से शिकस्त देकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।इस शानदार उपलब्धि पर झारखंड राज्य थ्रो बॉल संघ के अध्यक्ष वेदांत कहा कि यह जीत झारखंड की बेटियों की प्रतिभा, कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है।

जनजातीय गौरव दिवस के लिए प्रदेश स्तरीय समिति की घोषणा

रांची । भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष आदित्य साहू के निर्देशानुसार आगामी जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रदेश स्तरीय समिति का गठन किया गया है।समिति में शामिल संरक्षक, संयोजक, सह- संयोजक एवं सदस्य इस प्रकार हैं :-
संरक्षक:-1. बाबूलाल मरांडी2. श्री अर्जुन मुंडा 3. चंपई सोरेन 4.मधु कोड़ा 5. नीलकंठ सिंह मुंडा
संयोजक:- समीर उरांव
सह-संयोजक:- 1. मनोज सिंह 2. सुनील सोरेन
सदस्य:-1.सन्नी टोप्पो2. श्री शिवशंकर उरांव 3. रामकुमार पाहन ।


रिम्स में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 'पैलेस्ट्रा' का शुभारंभ



संताल एक्सप्रेस
रांची। झारखंड की राजधानी रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में सोमवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 'पैलेस्ट्रा' का उत्साहपूर्ण माहौल में शुभारंभ हुआ। रिम्स के निदेशक डीके सिन्हा ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रोफेसर इंचार्ज स्टूडेंट सेक्शन, सब-डीन, विभिन्न विभागों के फैकल्टी सदस्य और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।इस मौके पर निदेशक डीके सिन्हा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सा शिक्षा केवल अकादमिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों का शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना भी उतना ही जरूरी है। खेलकूद से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, आत्मविश्वास और धैर्य जैसे गुणों का विकास होता है। साथ ही, इससे विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना भी मजबूत होती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेने और खेल भावना को सर्वोपरि रखने की अपील की।'पैलेस्ट्रा' रिम्स की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता है, जिसके तहत विभिन्न खेलों और एथलेटिक्स स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य चिकित्सा विद्यार्थियों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूकता पैदा करना और सामूहिक सहभागिता की भावना विकसित करना है।

रिम्स के जनसंपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) शिशिर कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता के शुभारंभ के साथ ही संस्थान परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल रहा। विद्यार्थियों ने आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।-

एसवीयू के विद्यार्थियों की गुजरात-मुंबई यात्रा




रांची । सरला बिरला पब्लिक स्कूल, राँची के विद्यार्थियों की गुजरात एवं मुंबई की शैक्षणिक यात्रा ज्ञानार्जन, सांस्कृतिक अन्वेषण, मनोरंजन और रोमांच से परिपूर्ण रही। इस यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से परे वास्तविक जीवन के अनुभवों से जोड़ना तथा देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक धरोहरों और विविधताओं से परिचित कराना था।यात्रा के प्रथम चरण में विद्यार्थियों ने अहमदाबाद स्थित श्री माँ वैष्णोदेवी मंदिर में दर्शन कर आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया। इसके पश्चात उन्होंने साबरमती आश्रम का भ्रमण किया, जहाँ उन्हें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन, उनके सत्य, अहिंसा एवं सादगी के सिद्धांतों तथा स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को निकट से जानने का अवसर मिला। श्री स्वामीनारायण अक्षरधाम की भव्य स्थापत्य कला और अद्भुत शिल्पकला ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं कलात्मक विरासत की समृद्ध परंपरा से परिचित कराया।

सीआईटी में आईडिया ट्राइब 2026 का आयोजन


रांची । सोमवार को कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी में जेयूटी के सेंटर फॉर इनोवेशन,इन्क्यूवेशन,एंट्रेप्रेनरशिप के तत्वाधान में आईडिया ट्राइब 2026 फेज़ 3 बूटकैंप का आयोजन हुआ. इसमें जेयूटी से सम्बद्ध रांची एवं आसपास के विभिन्न तकनिकी संस्थानों के विद्यार्थी समूहों ने भाग लेकर अपने इन्नोवाटिव आइडियाज की प्रस्तुति दी. मौके पर विशेषज्ञ के रूप में उमेश प्रसाद प्रिंसिपल जनरल मैनेजर, बीएसएनएल , इंद्रजीत यादव, निदेशक एमएसएमई रांची एवं जेयूटी की डिप्टी सीईओ डॉ अनीता सिन्हा मौजूद थे. इसके बाद अलग अलग संस्थानों के विद्यार्थी समूहों ने अपने अपने मॉडलों के प्रोटोटाइप प्रस्तुत किये. बता दें कि विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आइडियाज के चयन के बाद जेयूटी द्वारा प्रोजेक्ट क्रियान्वयन के लिए फंड उपलब्ध कराया जायेगा. बूटकैंप में जेयूटी रांची,रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज, गवर्नमेंट विमेंस पॉलिटेक्निक रांची, आरटीसी इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, कैंब्रिज पॉलिटेक्निक, सीआईटी रांची के विद्यार्थियों ने भाग लिया.कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञयों ने विद्यार्थियों को सम्बोधित भी किया. संस्थान के इंस्टिट्यूट इनोवेशन कॉउन्सिल के अध्यक्ष दीपक कुमार वर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवा नव प्रवर्तकों को सशक्त बनाना एवं स्वदेशी उधमिता को बढ़ावा देना है. कार्यक्रम के दौरान सीआईटी के प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन, उप प्राचार्य प्रो रसिका नवनीत सिंह, इंस्टिट्यूशन इनोवेशन कॉउन्सिल के कन्वेनर विनीत कुमार रूप से उपस्थित थे

सड़क चौड़ीकरण में एकतरफा भूमि अधिग्रहण का ग्रामीणों ने किया विरोध



पलामू । जिले के विश्रामपुर से इटको सड़क चौड़ीकरण में एकतरफा भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई का विरोध तेज हो गया है। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने विश्रामपुर के अंचल अधिकारी (सीओ) को सोमवार को आवेदन देकर नियमसंगत जमीन अधिग्रहण की मांग की।ग्राम नावाडीह कला, छिपादोहर खुर्द, छिपादोहर कला एवं विश्रामपुर के ग्रामीण सुदर्शन चौधरी, उमेश कुमार, श्यामसुंदर प्रसाद, आनंद, नन्दू, कमेश प्रसाद, जितेन्द्र चौधरी, उदय राम सहित अन्य ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण को लेकर इन दिनों भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है, लेकिन कार्रवाई एकतरफा की जा रही है। जमीन का अधिग्रहण दोनों साइड से होना चाहिए, लेकिन प्रभावशाली लोगों की संपत्ति बचाने के लिए सड़क की एक तरफ की ही जमीन ली जा रही है। पूर्व में नापी के समय 30 फीट सड़क बनाने के लिए 15-15 फीट दोनों तरफ से जमीन अधिग्रहण करने की बात कही गयी थी।इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रदेश महासचिव अभिमन्यु सिंह बबलू ने ग्रामीणों की मांग का समर्थन किया और जिला प्रशासन से नियमानुसार जमीन अधिग्रहण की अपील की है। उन्होंने कहा कि इटको से विश्रामपुर सड़क चौड़ीकरण के नाम पर अधिकारी की ओर से आम जनता के हित का ध्यान नहीं रखा जा रहा है ।

डीपीएस में सम्मान समारोह का आयोजन



रांची ।दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेल टाउनशिप, राँची द्वारा विवेकानंद सभागार में स्कॉलर बैज होल्डर विद्यार्थियों के लिए एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस गरिमामय अवसर पर प्रिया दुबे , एडिशनल डायरेक्टर जनरल, एंटी करप्शन ब्यूरो , राँची तथा डॉ. अनंत सिन्हा, सीईओ एवं संस्थापक, देवकमल अस्पताल, राँची की विशिष्ट उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और बढ़ाया। झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सेक्रेटरी अबू इमरान ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। सभागार में उपस्थित अभिभावकों के चेहरों पर प्रसन्नता और गर्व की झलक थी।

ईडी अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी मामले में राज्य सरकार पर आठ हजार रुपये का जुर्माना


रांची। झारखंड उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने की मांग वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए राज्य सरकार पर आठ हजार रुपये का जुर्माना लगाया। न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय मांगे जाने पर यह जुर्माना लगाया। अदालत ने जुर्माने की राशि झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) में जमा करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई नौ दिसंबर को होगी।इस मामले की पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने प्रतिवादी संख्या दो यानी मुख्यमंत्री को जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया था। उस दौरान भी समय मांगे जाने पर अदालत ने 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। ईडी की ओर से वरीय अधिवक्ता अमित कुमार दास और अधिवक्ता सौरभ कुमार ने अदालत में पक्ष रखा।दरअसल, यह मामला मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से दर्ज कराई गई प्राथमिकी से जुड़ा है। मुख्यमंत्री ने ईडी के तत्कालीन अधिकारियों कपिल राज, देवव्रत झा और अन्य पर पूछताछ एवं कार्रवाई के दौरान कथित रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। उन्होंने केंद्रीय जांच एजेंसी पर मीडिया के माध्यम से भ्रम फैलाकर उनकी छवि खराब करने का आरोप भी लगाया था।मुख्यमंत्री की शिकायत के आधार पर दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देते हुए ईडी अधिकारियों ने उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की है। याचिका में प्राथमिकी के साथ-साथ इसके आधार पर चल रही जांच और पूरी कानूनी कार्रवाई को निरस्त करने की मांग की गई है। मामले में अब नौ दिसंबर को अगली सुनवाई होगी।

दिगम्बर जैन महासभा का शिष्टमंडल राज्यपाल से मिला




रांची । राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा के एक शिष्टमंडल ने रांची के लोक भवन में भेंट कर गिरिडीह जिले में स्थित जैन धर्म के पवित्र तीर्थ श्री सम्मेद शिखर की धार्मिक पवित्रता, सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के संबंध में ज्ञापन समर्पित किया।ज्ञापन में शिष्टमंडल की ओर से उल्लेख किया गया है कि सम्मेद शिखर जैन धर्म का सर्वोच्च तीर्थ है और मान्यता है कि 24 तीर्थंकरों में से 20 तीर्थंकरों सहित अनेक सिद्धात्माओं ने इसी पावन पर्वतराज पर मोक्ष प्राप्त किया। यह तीर्थ करोड़ों जैन श्रद्धालुओं की आस्था एवं आध्यात्मिक विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र है। ज्ञापन के माध्यम से महासभा ने तीर्थराज की धार्मिक गरिमा एवं प्राकृतिक स्वरूप की रक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने, पर्वतराज एवं तीर्थ क्षेत्र में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने तथा प्रवेश मार्गों पर जांच एवं निगरानी सुनिश्चित करने के लिए पहल करने का आग्रह किया। साथ ही, तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध करने तथा स्वच्छता, पेयजल, चिकित्सा सहायता एवं आवागमन की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।शिष्टमंडल ने राज्यपाल से इस संवेदनशील विषय पर राज्य सरकार एवं संबंधित प्रशासन को आवश्यक निर्देश प्रदान करने के लिए आग्रह किया, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु निर्भीक होकर पूर्ण श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ तीर्थराज की वंदना कर सकें।

स्पीकर से मिला पीए-पीएस एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल



रांची। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष (स्पीकर) रविंद्रनाथ महतो से मंगलवार को पीए-पीएस एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने औपचारिक मुलाकात की।प्रतिनिधिमंडल ने पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और संस्था का प्रतीक चिह्न देकर एसोसिएशन की गतिविधियों और उद्देश्यों की जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष को बताया कि झारखंड के सभी विधायकों, मंत्रियों और सांसदों के कार्यरत निजी सहायकों (पीए) एवं आप्त सचिवों (पीएस) को एक साझा मंच पर लाने के उद्देश्य से एसोसिएशन का गठन किया गया है। इस मंच से जनप्रतिनिधियों से जुड़े विधायी कार्यों और सदन की कार्यवाही के निष्पादन में सहयोग करने वाले निजी सहायक एवं आप्त सचिव जुड़े हैं। इस दौरान स्पीकर ने एसोसिएशन के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रतिनिधिमंडल को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने विधायक जीवन के विभिन्न अनुभव भी सदस्यों के साथ साझा किया।एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला के नेतृत्व में विधानसभा अध्यक्ष से मिलनेवाले प्रतिनिधिमंडल में दीपेश कुमार निराला के अलावे उपाध्यक्ष विजय, महासचिव पवन कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता, सचिव दिनेश चंद्र प्रमाणिक सहित अन्य शामिल थे।

झारखंड में दवाओं की कीमतों पर निगरानी के लक्ष्य का 97 प्रतिशत हासिल



रांची। झारखंड में दवाओं की कीमतों पर निगरानी और उचित मूल्य पर उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में फार्मास्यूटिकल प्राइस मॉनिटरिंग एंड रिसोर्स यूनिट (पीएमआरयू) ने 97 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया है। शेष लक्ष्य पूरा कर शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अधिकारियों को काम में तेजी लाने का निर्देश दिया है।यह निर्देश सोमवार को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित पीएमआरयू की शासी निकाय की बैठक में दिया गया। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने बताया कि भारत सरकार ने पीएमआरयू कार्यक्रम को वित्तीय वर्ष 2030-31 तक विस्तारित करने की स्वीकृति दी है। उन्होंने सभी गतिविधियों की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को तय समयसीमा में पूरा करने का निर्देश दिया।बैठक में दवाओं के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से अधिक कीमत वसूलने, दवाओं के दाम में अनियमित वृद्धि और बाजार में उनकी उपलब्धता की नियमित निगरानी पर जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलने और नियमों का उल्लंघन करने के मामलों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।अपर मुख्य सचिव ने आम लोगों को जागरूक करने के लिए 'फार्मा सही दाम' मोबाइल ऐप का प्रचार-प्रसार करने का भी निर्देश दिया।

पेज एक का शेष

देवघर कॉलेज में फंड घोटाला मामले..........
सिंडिकेट में राज्यपाल के नामित प्रतिनिधि डॉ. एस.एन. सिंह की ओर से दर्ज इस असहमति नोट में 28 जून 2025 के सिंडिकेट के सर्वस मत निर्णय को 26 सितंबर की बैठक में बदलने पर आपत्ति जताई गई है।असहमति नोट में कहा गया है कि सिंडिकेट के सर्वस मत निर्णय की समीक्षा अथवा उसमें बदलाव करने का अधिकार केवल कुलाधिपति को है। इसमें यह भी उल्लेख किया गया है कि विश्वविद्यालय की ओर से अब तक कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की गई है। नोट में निर्णय को कुलाधिपति के भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के विपरीत बताते हुए आशंका जताई गई है कि इससे विश्वविद्यालय में भविष्य में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल सकता है।एसकेएमयू के वीसी को राज्यपाल सचिवालय द्वारा भेजे गए ताजा पत्र में 28 जून 2025 और 26 सितंबर 2025 की सिंडिकेट बैठकों में निर्णयों में किए गए बदलाव के कारण भी स्पष्ट करने को कहा गया है।

बथानी में बदहाल स्थिति से ग्रामीण परेशान, गंदे पानी में पनप रहे कीड़े



संताल एक्सप्रेस

हनवारा । महगामा प्रखंड के नयानगर पंचायत अंतर्गत बथानी टोला गांव की स्थिति इन दिनों बद से बदतर होती जा रही है। गांव में बुनियादी समस्याओं को लेकर ग्रामीण काफी चिंतित हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या के समाधान के लिए लगातार पंचायत के मुखिया से गुहार लगाई जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। हर बार ग्रामीणों को आश्वासन और टालमटोल का सामना करना पड़ता है।सबसे गंभीर चिंता की बात यह है कि गांव में जमा पानी अब पूरी तरह सड़ चुका है। पानी में कीड़े तक पनपने लगे हैं और उससे काफी दुर्गंध निकल रही है। ऐसी स्थिति में आसपास रहने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को आशंका है कि इस गंदे पानी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ आशंका है और लोगों की सेहत पर भी बुरा असर पड़ सकता है। खासकर छोटे बच्चों और बुजुर्गों को लेकर परिवार के लोग चिंतित हैं।ग्रामीणों का कहना है कि जब भी वे अपनी समस्या लेकर मुखिया के पास पहुंचते हैं, तो कोई न कोई बहाना बनाकर बात को टाल दिया जाता है। ग्रामीणों के अनुसार, मुखिया की ओर से यह कहा जाता है कि विधायक फंड में पैसे नहीं हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर पंचायत स्तर पर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कब और कैसे होगा?ग्रामीणों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों को केवल चुनाव के समय ही नहीं, बल्कि आम दिनों में भी जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनना चाहिए। गांव की ऐसी स्थिति के बावजूद अगर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता है, तो ग्रामीण अपनी समस्या लेकर आखिर किसके पास जाएं?अब बथानी टोला के ग्रामीणों ने संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है कि गांव की स्थिति का जल्द निरीक्षण किया जाए और सड़ चुके गंदे पानी की निकासी एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था कराई जाए ।अब बड़ा सवाल यह है कि क्या बथानी टोला के ग्रामीणों को उनकी समस्या से निजात मिलेगी या फिर उन्हें सिर्फ आश्वासन के भरोसे ही रहना पड़ेगा?

कर्मचारियों के लंबित मामलों पर डीसी सख्त

जामताड़ा। सरकारी कर्मचारियों से जुड़े लंबित सेवा मामलों के निष्पादन को लेकर सोमवार को समाहरणालय में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में जिला स्थापना, अनुकंपा एवं चौकीदार स्थापना/अनुकंपा समिति की बैठक हुई। इसमें स्थानांतरण, प्रतिनियुक्ति, सेवा संपुष्टि, एसीपी-एमएसीपी और अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई।जिला अनुकंपा समिति ने नियुक्ति के पांच मामलों की समीक्षा की। इनमें एक आवेदन में दस्तावेजों की कमी मिलने पर एक सप्ताह के भीतर त्रुटि दूर करने का निर्देश दिया गया, जबकि शेष चार मामलों को आवश्यक अनुशंसा के साथ विभाग भेजने का निर्णय लिया गया। एसीपी-एमएसीपी के एक मामले में तिथि संशोधन का निर्देश भी दिया गया।वहीं चौकीदार स्थापना एवं अनुकंपा समिति की बैठक में एसीपी/एमएसीपी के 28, सेवा संपुष्टि के दो तथा अनुकंपा नियुक्ति के तीन मामलों पर विचार-विमर्श हुआ।उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र कर्मचारियों के मामलों का निष्पादन अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखा जाए और सभी प्रक्रियाएं निर्धारित समयसीमा में पूरी हों।बैठक में डीडीसी असीम किस्पोट्टा, अपर समाहर्ता पूनम कच्छप, एसडीओ अनंत कुमार, सिविल सर्जन डॉ. एसके मिश्रा, स्थापना उपसमाहर्ता पंकज कुमार रवि, डीएसपी (मुख्यालय) नीलम कुजूर, जिला शिक्षा अधीक्षक विकेश कुणाल प्रजापति तथा कार्यपालक अभियंता रमाकांत सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

जामताड़ा में चौकीदार नियुक्ति की प्रक्रिया तेज

जामताड़ा। जिले में चौकीदार सीधी नियुक्ति की प्रक्रिया अब अगले चरण में पहुंच गई है। विज्ञापन संख्या 01/2025 के तहत सफल घोषित 242 अभ्यर्थियों के शैक्षणिक एवं अन्य आवश्यक प्रमाण पत्रों का सत्यापन 18 नवंबर 2026 से शुरू होगा। इस संबंध में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।उच्च न्यायालय, झारखंड के आदेश तथा चौकीदार नियुक्ति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आधार में यह प्रक्रिया पूरी की जा रही है। सभी सफल उम्मीदवारों के लिए रोल नंबर के अनुसार सत्यापन की तिथि निर्धारित की गई है। जांच समाहरणालय, जामताड़ा में होगी।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जामताड़ा अंचल के अभ्यर्थियों का सत्यापन 18 से 20 नवंबर, नारायणपुर का 21 एवं 23 नवंबर, करमाटांड़ का 25 नवंबर तथा नाला अंचल का 26 से 28 नवंबर तक होगा। वहीं कुंडहित के अभ्यर्थियों के लिए 30 नवंबर एवं 1 दिसंबर और फतेहपुर के लिए 2 दिसंबर की तिथि तय की गई है।प्रशासन ने सभी सफल अभ्यर्थियों को निर्देश दिया है कि वे आवंटित तिथि को पूर्वाह्न 11 बजे अपने आवेदन के समय जमा किए गए सभी दस्तावेजों एवं प्रमाण पत्रों की मूल प्रति लेकर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों। विस्तृत जानकारी जिले की आधिकारिक वेबसाइट Jamtara.nic.in पर उपलब्ध है।

भाजपा ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया



फतेहपुर (जामताड़ा)। झारखंड सरकार द्वारा वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन के भुगतान में हो रही देरी तथा लाभुकों को हो रही परेशानियों के विरोध में भारतीय जनता पार्टी फतेहपुर तथा बिन्दापाथर मंडल की ओर से प्रखंड सचिवालय के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। फतेहपुर मंडल अध्यक्ष संजय मंडल तथा बिंदापाथर मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव के द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम की अगुवाई किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से नाला के पूर्व प्रत्याशी माधव चंद्र महतो तथा नाला विधानसभा के युवा नेता मनोज गोस्वामी उपस्थित थे। धरना-प्रदर्शन के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार से मांग किया कि पेंशन योजनाओं के पात्र लाभुकों को नियमित रूप से पेंशन का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। वक्ताओं ने कहा कि वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांग व्यक्ति समाज के ऐसे वर्ग हैं, जिन्हें आर्थिक सहायता की सबसे अधिक आवश्यकता है। पेंशन की राशि उनके दैनिक जीवन, दवा-इलाज एवं अन्य जरूरी आवश्यकताओं को पूरा करने का एक महत्वपूर्ण सहारा है। पूर्व प्रत्याशी माधव चंद्र महतो ने कहा कि राज्य सरकार से मांग हैं कि लंबित पेंशन की राशि का शीघ्र भुगतान किया जाए, नए पात्र लाभुकों का आवेदन जल्द स्वीकृत किया जाए तथा पेंशन भुगतान में आ रही तकनीकी एवं प्रशासनिक समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए। कार्यक्रम के अंत में प्रखंड विकास पदाधिकारी को महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। राज्य सरकार से मांग की गई कि वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन के लाभुकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाए।उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री अभय कुमार सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल महतो, संघर्षशील नेता विष्णु मंडल, जिला मंत्री आभा आर्या, जिला उपाध्यक्ष कृष्णा महतो, जिला मंत्री किरण बेसरा, जिला मंत्री प्रोसेनजीत घोष, राम सिंह यादव, राजेश महतो सहित उपस्थित थे।

स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

संवाददाता नाला (जामताड़ा)। भूली उप स्वास्थ्य केंद्र में सहिया एवं सहिया साथियों की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एएनएम लक्की साधु ने की। इस दौरान सहिया साथी मानकुमारी घोष भी उपस्थित रहीं। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।बैठक में एएनएम लक्की साधु ने सभी सहियाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मासिक रिपोर्ट एवं अन्य विभागीय प्रतिवेदनों को निर्धारित समय पर सहिया ऐप में अपलोड करना सुनिश्चित करें। इस दौरान गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल (एचबीएनसी) एवं गृह आधारित शिशु देखभाल (एचबीवाईसी) कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई।

मिशनरी स्कूल के फादर पर रसोइया ने दुष्कर्म का लगाया आरोप, प्राथमिकी दर्ज

संताल एक्सप्रेस

गोड्डा। सुंदरपहाड़ी प्रखंड क्षेत्र स्थित एक मिशनरी स्कूल के फादर पर स्कूल की रसोइया ने यौन शोषण और दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर सुंदरपहाड़ी थाने में फादर थामस सोरेन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस बीच महिला आयोग की पूर्व सदस्य ममता कुमारी ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है।दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, आदिवासी महिला ने आरोप लगाया है कि वह अपने पति के साथ रोजगार के सिलसिले में बाहर रहती थी। इसी दौरान तिलाबाद पंचायत स्थित मिशन स्कूल के फादर ने स्कूल में काम देने का प्रलोभन देकर उसे बुलाया और रसोइया के रूप में काम पर रख लिया।महिला के अनुसार, वह जून महीने में बाहर से काम करने के लिए सुंदरपहाड़ी आई थी। इसके बाद से वह स्कूल में काम करने लगी। वह फादर के किचन की जिम्मेदारी संभालती थी, जबकि



उसका पति बच्चों के लिए खाना बनाता था।पीड़िता का आरोप है कि इसी दौरान फादर ने उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसे और उसके पति को काम से हटाने तथा उनके बच्चे को मिशन स्कूल से निकालने की धमकी दी गई।महिला का आरोप है कि नौकरी छीनने की धमकी देकर फादर ने कई बार उसके साथ जबरन यौन संबंध बनाए। पीड़िता के मुताबिक, फादर ने अपने कमरे के अलावा स्कूल के कार्यालय में भी उसके साथ दुष्कर्म किया।महिला ने प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि इस दौरान वह गर्भवती हो गई। इसके बाद फादर ने उसे गर्भपात की दवा दी और चुप रहने को कहा। दवा खाने के बाद जब उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तो उसने अपने पति को पूरी घटना की जानकारी दी।इसके बाद पति ने फादर से इस मामले में शिकायत की। आरोप है कि फादर ने महिला का उपचार भी कराया, लेकिन उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई। इसके बाद महिला ने मामले को लेकर आवाज उठाई।पीड़िता ने इस संबंध में महिला आयोग की पूर्व सदस्य ममता कुमारी से भी शिकायत की। इसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा और सुंदरपहाड़ी थाने में दुष्कर्म की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। थाना प्रभारी विधान चंद्र पटेल ने मामले में प्राथमिकी दर्ज होने की पुष्टि की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं :ममता

महिला आयोग की पूर्व सदस्या ममता कुमारी ने राज्य और जिले में दुष्कर्म तथा सामूहिक दुष्कर्म की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में महिलाओं की अस्मिता के साथ खिलवाड़ हो रहा है। महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। उनके अनुसार, आरोपी ने प्रलोभन देकर आदिवासी महिला का यौन शोषण किया। इस मामले में वह चुप नहीं बैठेंगी।उन्होंने बताया कि एसपी को पूरे मामले से अवगत करा दिया गया है और उन्होंने खुद भी इस दिशा में पहल की है। ममता कुमारी ने मांग की कि जिले के वरीय पुलिस अधिकारी पूरे मामले की गंभीरता से जांच करें और आरोप सही पाए जाने पर दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की भी मांग की।

एसआईआर के खिलाफ जामताड़ा में इंडिया गठबंधन का शक्ति प्रदर्शन

संताल एक्सप्रेस

जामताड़ा। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में सोमवार को इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने जामताड़ा अनुमंडल कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। 'वोट बचाओ, नागरिकता बचाओ, देश बचाओ' के नारों के बीच नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार तथा निर्वाचन आयोग के खिलाफ आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग भी उठाई गई। धरने की अध्यक्षता सीपीआईएम के प्रभारी जिला सचिव संजय कुमार मेहता ने की। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने आरोप लगाया कि एसआईआर के नाम पर बड़ी संख्या में वैध मतदाताओं के नाम



सूची से हटाए जा रहे हैं, जिससे नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। नेताओं ने निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि इस प्रक्रिया से करीब 13 करोड़ लोगों के अधिकार प्रभावित हुए हैं। उन्होंने हटाए गए नामों को अविलंब मतदाता सूची में शामिल करने की मांग की और आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।मौके पर सीपीआईएम के राज्य सचिव सुरजीत सिन्हा, लखनलाल मंडल, गोविंद पंडित, सचिन राणा, महेंद्र रावत, गौर सोरेन, सुकुमार बावरी, विजय राणा व नवल किशोर मौजूद रहे। राजद की ओर से जिला अध्यक्ष दिनेश यादव, अशोक चौधरी, अर्चना यादव, जोगिंदर राय, मुन्ना यादव व रामप्रकाश सिंह शामिल हुए।वहीं कांग्रेस नेता नंदकिशोर सिंह, भाकपा माले के जिला सचिव सुनील राणा, जयप्रकाश मंडल, सोमलाल मिर्धा, सुशील मोहाली, देबू चौधरी, आशा मिर्धा, ममता राणा तथा भाकपा के मधु रवाणी सहित बड़ी संख्या में गठबंधन कार्यकर्ताओं ने धरने में भाग लिया।

एसआईआर कार्यों में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : डीसी

संताल एक्सप्रेस

गोड्डा। मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने को लेकर सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में गोड्डा विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ निर्वाचन कार्यों की बूथवार समीक्षा की गई।

बैठक में नोटिस वितरण, लंबित कार्यों, प्रपत्रों के संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन सहित अन्य निर्वाचन संबंधी गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने प्रत्येक बूथ पर नोटिस वितरण की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए शेष नोटिसों के वितरण में हो रही देरी के कारणों की पड़ताल की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी लंबित नोटिसों का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित किया जाए और निर्वाचन कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए।

उपायुक्त ने सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों (ईआरओ) एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों (एईआरओ) को अगले दो दिनों के भीतर निर्वाचन संबंधी कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया। वहीं, पोड़ैयाहाट प्रखंड में कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को चार नवंबर तक प्रत्येक इंडिकेटर में कम से कम 80 प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने को कहा। निर्धारित लक्ष्य पूरा नहीं होने पर संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

घर-घर जाकर पात्र मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करें बीएलओ

उपायुक्त ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में प्रत्येक पात्र मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी बूथ स्तरीय पदाधिकारी (बीएलओ) अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर निर्धारित कार्यों को गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ पूरा करें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया से वंचित न रह जाए।

प्रमाण-पत्रों के लंबित मामलों का समय पर निष्पादन करने का निर्देश

बैठक में जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण-पत्रों से संबंधित लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अंचल निरीक्षकों एवं संबंधित कर्मचारियों को नियमानुसार सभी लंबित आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में सभी ईआरओ, एईआरओ, अतिरिक्त एईआरओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

1.40 करोड़ की पीसीसी सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप

संताल एक्सप्रेस

गोड्डा। धर्मोडीह पुलिस लाइन सड़क निर्माण में अनियमितता का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि कालीपीठ से धर्मोडीह कचरा प्लांट तक बन रही पीसीसी सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। करीब 1 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से नगर परिषद की ओर से कराए जा रहे इस निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के इस्तेमाल और निर्धारित प्राक्कलन के अनुरूप काम नहीं करने का आरोप लगा है।

मामले को गंभीरता से लेते हुए पांडुबथान पंचायत के मुखिया संजय सिंह ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर मोर्चा संभाला और काम बंद करा दिया। मुखिया संजय सिंह ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर सड़क निर्माण में इस्तेमाल की जा रही सामग्री और कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया



कि निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। साथ ही, प्राक्कलन के अनुरूप निर्माण नहीं होने से सड़क की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने निर्माण कार्य की जांच कराए जाने की मांग की।बताया जाता है कि इस सड़क का निर्माण महागामा निवासी ठेकेदार शाकिर अंसारी द्वारा कराया जा रहा है। मुखिया ने मामले की जानकारी संबंधित विभाग को दी, जिसके बाद फिलहाल निर्माण कार्य बंद करा दिया गया है। विभागीय जांच के बाद ही आगे निर्माण कार्य शुरू किए जाने की बात सामने आई है। हालांकि, निर्माण में अनियमितता के आरोपों की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।गौरतलब है कि धर्मोडीह पंचायत क्षेत्र में नगर परिषद की ओर से कचरा डंप किया जाता है। कचरा प्लांट तक आवागमन की सुविधा बेहतर बनाने के उद्देश्य से इस पीसीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। करीब 1.40 करोड़ रुपये की लागत वाली इस योजना में निर्माण की गुणवत्ता और प्राक्कलन के पालन को लेकर उठे सवालों ने विभागीय कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए हैं।अब सबकी निगाहें विभागीय जांच पर टिकी हैं। जांच में यदि अनियमितता की पुष्टि होती है, तो संबंधित संवेदक के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा।फिलहाल निर्माण कार्य बंद है और जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की उम्मीद है।

स्वास्थ्य पोषण सेवा संगम शिविर आयोजित



संवाददाता नाला (जामताड़ा)। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) योजना के अंतर्गत मड़ालो पंचायत के ठाड़ी (टार्रा) गांव में स्वास्थ्य पोषण सेवा संगम शिविर का आयोजन किया गया। उपायुक्त जामताड़ा के निर्देश के आलोक में आयोजित इस शिविर में पोषण संबंधी विभिन्न गतिविधियों के साथ वंदन विकास केंद्रों के उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। शिविर में मुख्य रूप से पीवीटीजी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह) के लाभार्थियों ने भाग लिया।मुखिया हीरामणि मुर्मू की देखरेख में सीएचओ प्रियंका कुमारी एवं एएनएम मीनाक्षी मंडल ने कुल 30 लोगों की स्वास्थ्य जांच की। इस दौरान बच्चों की वृद्धि की निगरानी, पोषण संबंधी जांच, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की स्वास्थ्य जांच तथा पूरक पोषण सहायता से संबंधित गतिविधियां संचालित की गईं।

लिंग भेद और समावेशी शिक्षा पर कार्यक्रम



मिहिजाम। शिक्षा के मंदिर में भेदभाव के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। इसी संदेश के साथ सोमवार को मिहिजाम स्थित डॉ. नागेन्द्र सिन्हा विद्यालय में लिंग भेद जागरूकता एवं समावेशी शिक्षा पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपायुक्त आलोक कुमार के मार्गदर्शन और जिला शिक्षा अधीक्षक विकेश कुणाल प्रजापति के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में ट्रांसजेंडर विद्यार्थियों के अधिकारों और सम्मानजनक शैक्षणिक माहौल पर जोर दिया गया।प्राचार्या चंदा मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को उसकी पहचान से परे समान शिक्षा, सम्मान और अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से संवेदनशील व्यवहार अपनाने की अपील की।इस दौरान विद्यालय परिवार ने शपथ ली कि प्रवेश, मूल्यांकन और दैनिक गतिविधियों में किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा। मानसिक एवं शारीरिक उत्पीड़न पर रोक, निजता की सुरक्षा और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का भी संकल्प लिया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव नंदलाल शर्मा ने की तथा संचालन प्राचार्या चंदा मिश्रा ने किया।

गोड्डा में स्वच्छता व्यवस्था मजबूत करने पर जोर



गोड्डा। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत अभियान निदेशक रंजीता हेंब्रम ने रविवार को गोड्डा जिले में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की विभिन्न संरचनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पथरगामा प्रखंड के चिलकारा गोविन्द पंचायत में ओडीएफ प्लस के तहत निर्मित संरचनाओं की गुणवत्ता, उपयोगिता और रख-रखाव का जायजा लिया।इसके बाद मेहरमा प्रखंड के सीमानपुर पंचायत भवन में आयोजित स्वच्छता सभा में शामिल होकर उन्होंने ग्रामीण स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को स्वच्छता संरचनाओं का नियमित संचालन और रख-रखाव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।अभियान निदेशक ने कहा कि गांवों को स्वच्छ, सुंदर और कचरा एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए संरचनाओं का प्रभावी उपयोग और ग्रामीणों की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा ओडीएफ प्लस के लक्ष्यों को स्थायी रूप से हासिल करने पर बल दिया।इस क्रम में अभियान निदेशक ने झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से शिष्टाचार मुलाकात भी की। उन्होंने पंचायतों में ओडीएफ प्लस संरचनाओं के संचालन एवं रख-रखाव के लिए 15वें एवं 16वें वित्त आयोग की राशि के उपयोग के संबंध में अनुरोध किया। इस पर मंत्री से आवश्यक सुझाव एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।मौके पर राज्य समन्वयक दिग्विजय कुमार, कार्यपालक अभियंता संजय कुमार शर्मा, सहायक अभियंता आशुतोष कुमार, जिला आईईसी समन्वयक शत्रुघ्न प्रसाद सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ



हनवारा । महागामा प्रखंड के नयानगर गांव में काली पूजा समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में 501 कन्याओं ने भाग लिया। इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। श्रद्धालुओं ने जय श्रीकृष्ण और जय माता दी के जयकारों के साथ यात्रा में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।कलश यात्रा नयानगर स्थित मां काली मंदिर से प्रारंभ हुई। इसके बाद यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए श्रीमतपुर के शीतला स्थान पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ पवित्र जल से कलश भरा। इसके बाद कलश यात्रा पुनः कथा स्थल नयानगर स्थित मां काली मंदिर के प्रांगण में पहुंचकर संपन्न हुई।इस भव्य कलश यात्रा में नयानगर, नारायणी, सीतल, श्रीमतपुर, जटामा, बेलटिकरी और असोता गांवों की 501 कन्याओं ने भाग लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी कन्याओं की उपस्थिति ने यात्रा की शोभा बढ़ाई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखने को मिला।नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के दौरान वृंदावन की सुप्रसिद्ध कथा वाचिका साध्वी खुशी किशोरी के श्रीमुख से प्रतिदिन संध्या छह बजे से श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा।

भटौंधा में डीबीएल कंपनी की प्रस्तावित माइनिंग का आदिवासियों ने किया विरोध



गोड्डा। पोड़ैयाहाट प्रखंड के भटौंधा गांव में डीबीएल कंपनी की प्रस्तावित माइनिंग के विरोध में सोमवार को सैकड़ों आदिवासी महिला-पुरुष, युवा और बुजुर्ग एकजुट हुए। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि वे किसी भी कीमत पर अपनी पुश्तैनी एवं जमाबंदी जमीन माइनिंग के लिए नहीं देंगे। उनका कहना है कि उनकी पहचान, आजीविका और भविष्य इसी जमीन से जुड़ा है।ग्रामीणों के मुताबिक, क्षेत्र के अधिकांश परिवार खेती-बाड़ी और पशुपालन पर निर्भर हैं। जमीन पर खेती कर वे अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। ऐसे में माइनिंग शुरू होने से कृषि भूमि, चरागाह और पर्यावरण प्रभावित होने के साथ उनकी आजीविका पर भी संकट खड़ा हो सकता है।ग्रामीणों ने पहले हुई माइनिंग के बाद जमीन पर बनी गहरी खाइयों को लेकर भी चिंता जताई। उनका कहना है कि खुली खाइयों से बच्चों और मवेशियों की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। उन्होंने मांग की कि नई माइनिंग की प्रक्रिया आगे बढ़ाने से पहले पर्यावरण, जमीन की स्थिति और स्थानीय आबादी की सुरक्षा से जुड़े पहलुओं की निष्पक्ष जांच की जाए।

जामताड़ा से विद्यासागर तक डॉग स्क्वाड ने खंगाले स्टेशन

जामताड़ा। दीपावली और छठ महापर्व के मद्देनजर रेलवे ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। यात्रियों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए आसनसोल रेल मंडल के डॉग स्क्वाड और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने जामताड़ा तथा विद्यासागर रेलवे स्टेशन पर विशेष तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान एक्सप्लोसिव डिटेक्टर डॉग मैक्स की मदद से प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, स्टेशन परिसर और यात्रियों के सामान की जांच की गई।अभियान में आसनसोल डॉग स्क्वाड के एएसआई विधान डे, हेड कांस्टेबल डीसी महतो और प्रशिक्षित डॉग मैक्स शामिल रहे। टीम ने हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से भी संदिग्ध वस्तुओं की पड़ताल की।जामताड़ा में एसआई आरके पांडेय, एसआई सौरभ कुमार और एएसआई शमशुल अंसारी ने मोर्चा संभाला। वहीं विद्यासागर में एएसआई जयंतो राय, कांस्टेबल हराधन कुशवाहा और राजेश कुमार सिंह ने सहयोग किया।अभियान के तहत 12024 डाउन जनशताब्दी एक्सप्रेस की भी तलाशी ली गई। इसमें मो. असलम और एसआई शमशुल अंसारी शामिल रहे। त्योहारों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए आरपीएफ की निगरानी बढ़ा दी गई है।

बीडीओ और सीओ ने छठ घाट का निरीक्षण किया

करमाटांड़। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुख्य बाजार स्थित छठ घाट तालाब का सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी एजाज हुसैन अंसारी एवं अंचल अधिकारी चोनाराम हेंब्रम ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि महेंद्र मंडल भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने छठ महापर्व को देखते हुए घाट की साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान मुखिया निधि से निर्माणाधीन 40 फीट लंबे छठ घाट का भी जायजा लिया गया। अधिकारियों ने घाट के आसपास साफ-सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर विशेष ध्यान देने की बात कही।प्रखंड विकास पदाधिकारी एजाज हुसैन अंसारी ने कहा कि छठ घाट की साफ-सफाई को लेकर प्रखंड स्तर से जो भी आवश्यक कार्य किए जा सकते हैं, उन्हें जल्द पूरा कराया जाएगा। घाट और आसपास के क्षेत्रों की बेहतर सफाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को पूजा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों एवं बाजारवासियों ने अधिकारियों को पूजा के दौरान होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क किनारे कई घरों की नालियों का गंदा पानी दिनभर सड़क पर बहता रहता है, जिससे रास्ते पर काफी गंदगी और कीचड़ जमा हो जाता है। छठ के दौरान इसी रास्ते से श्रद्धालुओं का आना-जाना होता है। लोगों ने सड़क को समतल कराने तथा तालाब के चारों ओर साफ-सफाई एवं बेहतर व्यवस्था करने की मांग की।अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया, ताकि छठ महापर्व शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ वातावरण में संपन्न हो सके।

लोकतंत्र बचाने की लड़ाई में सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में यह एक असाधारण राजनीतिक स्थिति है, जब सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही लोकतंत्र बचाने का नारा लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को इंडिया गठबंधन की वोट बचाओ, देश बचाओ रैली और इसके जवाब में भाजपा का देशव्यापी लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान इस बात का संकेत है। चुनावी प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक संघर्ष अब संसद की सीमाओं से बाहर निकलकर सड़कों तक पहुंच गया है। इंडिया गठबंधन की रैली की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसमें 21 विपक्षी दलों के नेताओं ने एक साथ मंच साझा किया। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, राजद, वामपंथी दलों सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली एसआईआर के माध्यम से मतदाताओं के नाम काटने तथा चुनाव के दौरान कंप्यूटर की सहायता से भारी हेरफेर किए जाने के आरोप मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर लगाए गए और सवाल उठाए गए। इस आयोजन में राजनीतिक नेताओं के साथ सामाजिक संगठनों, नागरिक समाज के प्रतिनिधियों, युवाओं और उन मतदाताओं ने भी भागीदारी की, जिनके नाम मतदाता सूची से हटाए गये थे। 31 अक्टूबर को आयोजित प्रतीकात्मक जन संसद में भी विपक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ छह आरोपों के साथ प्रस्ताव पारित किया। विपक्ष की मांग है, ज्ञानेश कुमार को पद से हटाया जाये। चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच हो। इस पूरे विवाद की जड़ एसआईआर यानी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़ी हुई है। इंडियन एक्सप्रेस की पड़ताल के अनुसार 30 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की प्रारूप मतदाता सूचियों से 13 करोड़ से अधिक नाम हटाए गए। सबसे गंभीर बात यह है कि चुनाव आयोग के ही दो अन्य आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने कई बार आयोग के भीतर प्रक्रियाओं और फैसलों पर लिखित आपत्तियां दर्ज कराई थीं। अखबार की रिपोर्ट में ऐसी 14 आपत्तियों का उल्लेख है। इससे चुनाव आयोग की आंतरिक कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल खड़े हुए हैं। ज्ञानेश कुमार एक तरफा फैसला ले रहे थे। राहुल गांधी ने रामलीला मैदान में अपने भाषण के दौरान ज्ञानेश कुमार और चुनावी प्रक्रिया को लेकर बेहद कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि वोट चोरी में शामिल लोगों को जवाबदेह बनाया जाएगा। ममता बनर्जी ने भी बताया पश्चिम बंगाल का चुनाव किस तरह लूटा गया है, डकैती डाली गई है। रैली में वक्ताओं ने बड़े आक्रामक तरीके से चुनाव आयोग द्वारा की गई गडबड़ियों का उल्लेख किया। दूसरी ओर भाजपा ने विपक्ष के आंदोलन को अराजकता फैलाने की कोशिश बताते हुए देशभर में जवाबी कार्यक्रम आयोजित किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के समर्थन में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, अमित शाह और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने अलग-अलग राज्यों में पदयात्राओं और सभाओं के माध्यम से विपक्ष के ऊपर हमला किया है। यह भी सत्य है कि इस बार विपक्ष के साथ भारी भीड़ है, जनमानस का समर्थन प्राप्त है। उसके मुकाबले में भाजपा की पदयात्रा और रैली में वह भीड़ देखने को नहीं मिली जो होना चाहिए थी। यह राजनीतिक संघर्ष अब केवल राहुल गांधी और नरेंद्र मोदी अथवा कांग्रेस और भाजपा के बीच नहीं रह गया है। इसका सीधा संबंध देश की संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता से जुड़ गया है। चुनाव आयोग पर आरोप लगना और उन आरोपों का राजनीतिक रूप से जवाब देना, अलग बात है। आयोग की निष्पक्षता पर आम जनता और राजनीतिक दलों का भरोसा बना रहना अनिवार्य है। मामला सुप्रीम कोर्ट में भी लंबित है। आरोपों का अंतिम निर्णय तथ्यों, जांच और न्यायिक प्रक्रिया के आधार पर होगा। विपक्ष ज्ञानेश कुमार की स्थिति को लेकर जो दबाव बना रही है, सत्ता पक्ष के ऊपर उसका कोई असर नहीं पड़ रहा है। उल्टे सत्ता पक्ष द्वारा विपक्ष को घेरने की कोशिश की जा रही है। सबसे चिंताजनक बात यह है, देश पहले से ही महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक सुस्ती, कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच मे बढ़ता टकराव सरकार के विकास कार्यों एवं जरूरी मुद्दों पर समय पर निर्णय नहीं ले पाने के कारण सरकार की परेशानी दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। इसका असर अंतोगत्वा जनता पर ही पडना है।

सियासी शक्ति प्रदर्शन की कीमत चुका रहे दिल्ली के व्यापारी

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

धनतेरस, दीपावली और भाईदूज! देश के व्यापारियों के लिए सालभर की कमाई का सबसे महत्वपूर्ण समय। बाजारों में ग्राहकों की भीड़, दुकानों पर खरीदारी की रौनक, गोदामों से निकलता सामान, सड़कों पर दौड़ते मालवाहक वाहन और दिन-रात मेहनत करते हजारों मजदूर। दिल्ली के बाजार भी इसी कारोबारी उत्साह के साथ त्योहारों का स्वागत कर रहे हैं, तभी इसी निर्णायक कारोबारी दौर में राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की महारैली ने दिल्ली के प्रमुख बाजारों की रफ्तार पर ऐसा ब्रेक लगाया कि व्यापारियों के सामने दुकानें खोलने और ग्राहकों तक पहुंचने का संकट खड़ा हो गया।

चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) का दावा है कि रैली के चलते करीब 2.5 लाख दुकानें बंद रहीं और लगभग 11 हजार करोड़ रुपये के कारोबार पर चोट पहुंची। प्रश्न राहुल गांधी से सीधा है, अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने के लिए आयोजित इस रैली की आर्थिक कीमत आखिर दिल्ली के व्यापारी, दुकानदार और रोज कमाकर परिवार पालने वाले मजदूर क्यों चुकाएं?

लोकतंत्र में अपनी बात जनता तक पहुंचाने, सरकार का विरोध करने और राजनीतिक शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए सभाएं होनी चाहिए, मगर क्या लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति के इस अधिकार का अर्थ यह है कि शहर की आर्थिक गतिविधियों को ठप करने की कीमत आम नागरिकों से वसूली जाए? जिस समय दिल्ली के बाजारों में ग्राहकों की सबसे अधिक आवाजाही होनी चाहिए थी, उस समय व्यापारियों को दुकानें बंद रखने, ग्राहकों के इंतजार और माल की आपूर्ति बाधित होने जैसी परिस्थितियों से जूझना पड़ा।सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल ने इस संकट ओर ध्यान भी पहले दिला दिया था कि रामलीला मैदान के आसपास पांच किलोमीटर के दायरे में सदर बाजार, चांदनी चौक, खारी बावली, नया बाजार, कश्मीरी गेट और भगीरथ पैलेस सहित 22 से 25 प्रमुख बाजार आते हैं। इन बाजारों में लगभग तीन लाख दुकानें हैं, जिनमें से करीब 2.5 लाख दुकानें हैं, ऐसे में कृपया अभी यहां रैली न की जाए, पर व्यापारियों के हित की बात कांग्रेस को कहां सुनाई देनी थी?सबसे गंभीर बात यह है कि सदर बाजार से देशभर में घरेलू सामान की आपूर्ति होती है, चांदनी चौक कपड़ों और आभूषणों का बड़ा केंद्र है, खारी बावली मसालों और सूखे मेवों के कारोबार के लिए प्रसिद्ध है और भगीरथ पैलेस इलेक्ट्रॉनिक सामान का महत्वपूर्ण बाजार है। इन बाजारों से देश के विभिन्न राज्यों के हजारों छोटे-बड़े व्यापारी जुड़े हैं। रैली से पहले लगभग दस लाख लोगों के जुटने और 15 से 20 हजार वाहनों के दिल्ली पहुंचने की आशंका ने ही व्यापारिक क्षेत्रों में अनिश्चितता पैदा कर दी थी। सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, रास्तों में बदलाव और संभावित जाम की खबरों से बाजार आने वाले ग्राहकों ने अपनी खरीदारी की योजना टाल दी।राहुल गांधी ने रैली के दौरान लोगों से दिल्ली के बाजारों में जाकर खरीदारी करने और व्यापारियों का समर्थन करने की अपील की। सुनने में यह बात अच्छी लगती है, मगर इसकी जमीनी हकीकत पर भी विचार होना चाहिए। जब करीब 80 प्रतिशत दुकानें बंद थीं, बाजारों तक पहुंचने के रास्ते प्रभावित थे और ग्राहक आने से बच रहे थे, तब खरीदारी की अपील का वास्तविक अर्थ क्या रह जाता है? वास्तव में व्यापारियों का सवाल भी यही था कि जब दुकानें ही बंद थीं तो ग्राहक खरीदारी कहां करते? राजनीतिक मंच से व्यापारियों के प्रति सहानुभूति जताना और उनकी वास्तविक कारोबारी परिस्थितियों को समझना दो अलग-अलग बातें हैं।सीटीआई ने रैली वाले दिन कारोबार सामान्य पीक सीजन की तुलना में 15 से 20 प्रतिशत तक सिमटने की बात कही है। लगभग 11 हजार करोड़ रुपये के कारोबार को नुकसान हुआ है। अब इससे जुड़ी आर्थिक चिंता को खारिज करना भी संभव नहीं है। क्योंकि छोटे दुकानदारों के लिए त्योहारों की बिक्री महज मुनाफा कमाने का अवसर नहीं होती, यह उनके पूरे साल के वित्तीय प्रबंधन का महत्वपूर्ण आधार होती है। कई कारोबारी उधार पर माल खरीदते हैं। त्योहारों में होने वाली बिक्री से आपूर्तिकर्ताओं का भुगतान करते हैं, कर्मचारियों का वेतन देते हैं और अगली खेप के लिए पूंजी जुटाते हैं। बिक्री के महत्वपूर्ण दिन निकल जाने पर उनकी आर्थिक गणना बिगड़ जाती है। त्योहार बीतने के बाद कई वस्तुओं की मांग तेजी से घट जाती है।इस रैली की कीमत उन लोगों ने भी चुकाई, जिनकी आवाज राजनीतिक मंचों तक शायद ही कभी पहुंचती है। दिल्ली के बाजारों में माल उतारने, पैकिंग करने, सामान पहुंचाने और गोदामों में काम करने वाले हजारों मजदूर रोज की कमाई पर निर्भर रहते हैं। सामान्य त्योहारी दिनों में इन बाजारों में चार लाख से अधिक मजदूरों को काम मिलता है, जबकि रैली वाले दिन काम करने वालों की संख्या एक लाख से कम रह गई। उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान से आए मजदूर त्योहारों के दिनों में अतिरिक्त मेहनत करके अपने परिवारों के लिए कुछ अधिक कमाने की उम्मीद रखते हैं।

किसी को बच्चों की फीस भरनी है, किसी को घर का खर्च भेजना है और किसी को कर्ज की किस्त चुकानी है। बाजार में काम ठप हुआ तो इनकी कमाई भी ठप हो गई। जो मजदूर सुबह काम की उम्मीद लेकर पहुंचे, उनमें से कई को खाली हाथ लौटना पड़ा। राजनीतिक रैली के मंच पर गरीबों और मजदूरों के अधिकारों की बात करने वाले नेतृत्व के सामने यह सवाल अवश्य खड़ा होना चाहिए कि इन श्रमिकों की रोजी पर पड़े आघात की जिम्मेदारी कौन लेगा?व्यापारियों की मुश्किल माल की आवाजाही बाधित होने से और बढ़ी। रामलीला मैदान के दस किलोमीटर के दायरे में मालवाहक वाहनों की आवाजाही पर व्यापक असर पड़ा। नरेला, बवाना, ओखला, मायापुरी, मुंडका और उद्योग नगर से बाजारों तक सामान पहुंचाने वाले ट्रक और टेंपो सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम संख्या में पहुंचे। जहां रोजाना करीब पांच हजार ट्रक और टेंपो बाजारों तक माल पहुंचाते हैं, वहीं रैली वाले दिन इनकी संख्या दो हजार से भी कम रह गई।

परिणामस्वरूप गोदामों में तैयार माल अटका रहा, दुकानों तक सामान पहुंचाने में देरी हुई और परिवहन कारोबार से जुड़े लोगों की आय भी प्रभावित हुई। यानी राजनीतिक आयोजन का प्रभाव एक बाजार या एक दिन की दुकानदारी तक सीमित नहीं रहा, पूरी कारोबारी श्रृंखला इसकी चपेट में आई।

दिल्ली की विपक्ष लीला कितना पास, कितना फेल?

अशोक भाटिया

दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में विपक्ष की %इंडिया% गठबंधन की हालिया %वोट बचाओ, देश बचाओ% रैली भारतीय राजनीति के इतिहास में एक बहुत बड़े रणनीतिक ब्लंडर और विफलता के रूप में दर्ज की गई है। इस भव्य स्तर पर आयोजित की गई राजनीतिक रैली का मुख्य उद्देश्य 2027 के आगामी चुनावों के लिए विपक्ष की एकजुटता दिखाना, शक्ति प्रदर्शन करना और विभिन्न मुद्दों पर सरकार को चारों तरफ से घेरना था। लेकिन अगर जमीन पर इस पूरी कवायद का निष्पक्ष विश्लेषण किया जाए, तो यह रैली अपनी बेहद कमजोर टाइमिंग, पूरी तरह से नकारात्मक नैरेटिव और आंतरिक विरोधाभासों के कारण जनता के बीच पूरी तरह नाकाम और प्रभावहीन साबित हुई। इस रैली की करारी विफलता ने न केवल कांग्रेस नेता राहुल गांधी के राजनीतिक नेतृत्व और उनकी रणनीतिक समझ पर एक बार फिर से गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि इंडिया गठबंधन के वैचारिक और रणनीतिक खोखलेपन को भी देश की जनता के सामने पूरी तरह से उजागर कर दिया है। एक सफल और प्रभावी राजनीतिक आयोजन हमेशा वही माना जाता है जो आम जनता की बुनियादी आकांक्षाओं, उनके सुख-दुख और उनकी रोजमर्रा की समस्याओं से सीधा जुड़ता है, लेकिन दुर्भाग्य से यह रैली केवल विपक्षी नेताओं की अपनी व्यक्तिगत कुंठाओं, राजनीतिक असुरक्षाओं और एकतरफा एजेंडे को जबरन थोपने का एक बंद मंच बनकर रह गई।इस रैली की ऐतिहासिक नाकामी की सबसे पहली और सबसे बड़ी वजह इसकी बेहद गलत और संवेदनहीन टाइमिंग रही, जिसने दिल्ली की जनता को नाराज करने का काम किया। पूरा देश और विशेष रूप से उत्तर भारत इस समय दीपावली, भाईदूज, गोवर्धन पूजा और छठ पूजा जैसे साल के सबसे बड़े और महत्वपूर्ण त्योहारों के सीजन में पूरी तरह से व्यस्त और मग्न है। दिल्ली जैसे विशाल महानगर में, जहां इन प्रमुख त्योहारों के दौरान व्यापारिक गतिविधियां अपने चरम पर होती हैं और लाखों लोग खरीदारी तथा उत्सव की तैयारियों के लिए सड़कों पर निकलते हैं, वहां विपक्षी नेताओं ने अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए रामलीला मैदान को चुना। इस अदूरदर्शी फैसले का सीधा नतीजा यह हुआ कि पूरी पुरानी दिल्ली, मध्य दिल्ली और उसके आसपास के सभी प्रमुख मार्गों पर घंटों लंबा भयंकर ट्रैफिक जाम लग गया, जिससे आम जनता, दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों और त्योहार की खरीदारी करने निकले परिवारों को भारी मानसिक डुठुस्र शारीरिक असुविधा का सामना करना पड़ा। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी दिल्ली की प्रमुख व्यापारिक संस्थाओं ने इस आयोजन से पहले ही स्पष्ट रूप से चेतावनी दी थी कि त्योहारों के इस अति-महत्वपूर्ण सीजन में ऐसी बड़ी राजनीतिक रैली करने से दिल्ली के स्थानीय व्यापारियों को लगभग 10,000 करोड़ रुपये का भारी व्यापारिक नुकसान हो सकता है। जब कोई राजनीतिक गठबंधन आम जनता और छोटे-बड़े व्यापारियों के त्योहार की खुशियों, उनकी कमाई और उनकी रोजी-रोटी को दांव पर लगाकर अपनी राजनीति चमकाने की स्वार्थी कोशिश करता है, तो जनता के बीच उसका संदेश कभी भी सकारात्मक नहीं जा सकता। विपक्ष ने इस रैली के जरिए दिल्ली की जनता को राहत देने के बजाय केवल और केवल परेशानी दी, जिसने रैली के औपचारिक रूप से शुरू होने से पहले ही उसकी असफलता की पूरी पटकथा लिख दी थी।रैली का दूसरा सबसे कमजोर और निराशाजनक पहलू कांग्रेस नेता राहुल गांधी का मुख्य भाषण और उनका पूरी तरह से नकारात्मक नैरेटिव रहा। आधुनिक भारतीय राजनीति में देश का आम मतदाता हमेशा एक ऐसे परिपक्व नेता को पसंद करता है जो देश के सामने विकास का एक सकारात्मक विजन, आर्थिक प्रगति का ठोस रोडमैप और भविष्य की कल्याणकारी नीतियां रखता है। लेकिन राहुल गांधी का पूरा संबोधन एक बार फिर पुरानी ढर्रे पर चलते हुए केवल व्यक्तिगत आक्षेपों, संवैधानिक संस्थाओं पर तीखे हमलों और गहरी राजनीतिक नकारात्मकता से भरा रहा। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को रैली का सबसे मुख्य और केंद्रीय मुद्दा बना दिया और मतदाता सूची में संशोधन (स्ढ्क्र) जैसे बेहद जटिल, तकनीकी और प्रशासनिक मुद्दों पर जनता को भड़काने तथा गुमराह करने की असफल कोशिश की। देश का आम मतदाता, जो इस समय वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच महंगाई, रोजगार के नए अवसरों, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और उच्च शिक्षा जैसे बुनियादी मुद्दों पर विपक्ष से किसी ठोस समाधान या रचनात्मक सुझाव की उम्मीद कर रहा था, उसे चुनाव आयोग की आंतरिक प्रशासनिक प्रक्रियाओं से कोई सीधा सरोकार नहीं है।

पाकुड़ की खबरें

क्रशर प्लांट में धावा बोलकर 10 लाख का सामान ले उड़े अपराधी, गार्ड को बनाया बंधक

संताल एक्सप्रेस संवाददाता हिरणपुर (पाकुड़)। थाना क्षेत्र के महारो गांव स्थित मोजीबूर रहमान के बंद क्रशर प्लांट में रविवार की रात अपराधियों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। करीब दस की संख्या में पहुंचे अपराधियों ने नाइट गार्ड मोफिजुल शेख को बंधक बनाकर प्लांट से लगभग 10 लाख रुपये के उपकरण चोरी कर लिए।गार्ड के अनुसार, रात करीब 12 बजे अपराधियों ने उसके हाथ बांध दिए और आंखों पर पट्टी लगाकर एक किनारे बैठा दिया। इसके बाद अपराधियों ने बेखौफ होकर करीब चार घंटे तक प्लांट में चोरी की। इस दौरान आठ छोटे-बड़े मोटर, मोटर कॉइल, केबल तार और क्रशर स्टार्टर समेत कई उपकरण खोलकर पिकअप वैन में लाद लिए। अपराधियों ने ट्रांसफार्मर का कॉइल निकालने की भी कोशिश की, लेकिन इसमें सफल नहीं हो सके।वारदात को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी पिकअप वैन से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ कुमार गौरव, हिरणपुर थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह और सिमलोंग थाना प्रभारी सुखदेव साहा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

दुष्कर्म कांड के विरोध में भाजपा का उग्र प्रदर्शन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़िया (पाकुड़)पाकुड़िया चौक पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं ने लातेहार के गम्हरिया दुष्कर्म कांड के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं का गुस्सा सडकों पर फूट पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने झारखंड सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन कर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया।प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं ने राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रदेश में बहन-बेटियों की सुरक्षा पूरी तरह राम भरोसे हो चुकी है। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना किसी भी चुनी हुई सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है, जिसमें वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। नेताओं ने पाकुड़िया कांड के सभी आरोपितों के खिलाफ त्वरित एवं सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की, ताकि भविष्य में कोई ऐसा दुस्साहस न कर सके।कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि राज्य में महिलाओं पर बढ़ रहे अत्याचारों के खिलाफ भाजपा का यह आंदोलन थमने वाला नहीं है। निष्पक्ष जांच और अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग के साथ-साथ भाजपा नेताओं ने महिला सुरक्षा के मुद्दे पर नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मुख्यमंत्री से तत्काल इस्तीफे की मांग की है।

75 वर्षीय बुजुर्ग महिला पेंशन और राशन से वंचित, दफ्तरों का लगा रही चक्कर

फिंगरप्रिंट नहीं मिलने से दो माह से नहीं मिला अनाज, परिवार से भी नहीं मिल रहा सहारा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने के दावों के बीच पाकुड़ सदर प्रखंड के टंकाटोला गांव की 75 वर्षीय सोनामुनी कर्मकार पेंशन और राशन के लिए परेशान हैं। कोलाजोड़ा पंचायत की रहने वाली बुजुर्ग महिला को अब तक मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। वहीं, अंगूठे का निशान नहीं आने के कारण पिछले दो माह



से राशन का उठाव भी नहीं कर पाई हैं। सोनामुनी कर्मकार के पति गोविंद कर्मकार का निधन हो चुका है, जबकि उनके बेटे अलग रहते हैं। ऐसे में पेंशन और राशन ही उनके लिए सहारा बन सकते हैं। लेकिन दोनों सुविधाएं नहीं मिलने से उनके सामने भोजन का संकट खड़ा हो गया है।बुजुर्ग महिला के अनुसार, वह पिछले कई सप्ताह से पेंशन और राशन की समस्या को लेकर प्रखंड आपूर्ति कार्यालय का चक्कर लगा रही हैं, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ है। उन्हें केवल आश्वासन मिल रहा है। इधर, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि जिन लाभुकों का फिंगरप्रिंट नहीं आता है, उन्हें संबंधित राशन डीलर के फिंगरप्रिंट के माध्यम से अनाज देने का प्रावधान है। ऐसे में सवाल उठता है कि इस व्यवस्था के बावजूद बुजुर्ग महिला को दो माह से राशन क्यों नहीं मिल रहा है। अब उन्हें प्रशासन से पेंशन शुरू कराने और नियमित राशन उपलब्ध कराने की उम्मीद है।

मलेरिया प्रभावित गांवों में रोकथाम को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों को दिया प्रशिक्षण

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)। लिट्टीपाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मलेरिया से अति प्रभावित गांवों में बीमारी की रोकथाम को लेकर एकदिवसीय प्रशिक्षण सह समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉ. मनीष सिन्हा ने सहिया, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी (सीएचओ) एवं एमपीडब्ल्यू को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया कि मलेरिया प्रभावित गांवों में बुखार से पीड़ित प्रत्येक मरीज की जांच सुनिश्चित करें, ताकि समय पर बीमारी की पहचान कर उपचार शुरू किया जा सके। उन्होंने मलेरिया के लक्षण, जांच और बचाव के उपायों की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को जागरूक करने तथा मरीजों की नियमित निगरानी करने पर जोर दिया।मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मुकेश बेसरा सहित वीबीडी कंसल्टेंट, बीडीएम, एमटीएस एवं केटीएस उपस्थित थे।

ठाकुरबाड़ी छठ पूजा समिति की बैठक संपन्न

पाकुड़। शहर के हरिणडांगा बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में ठाकुरबाड़ी छठ पूजा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के वरिष्ठ सदस्य धर्मेंद्र शाह ने की। इसमें आगामी छठ महापर्व के आयोजन, घाट की साफ-सफाई, विद्युत सुरक्षा और सजावट सहित विभिन्न तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में समिति के कोषाध्यक्ष विजय जायसवाल ने पिछले वर्ष छठ पूजा के दौरान प्राप्त आय एवं किए गए खर्च का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने विभिन्न मदों में हुए खर्च की जानकारी दी। बैठक में छठ पोखर की साफ-सफाई पोखर के समीप बाईपास सड़क के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की बिजली तार के नीचे लटकने पर चिंता जताते हुए कहा नीचे लटकते बिजली तार से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सड़क पर आकर्षक लाइट गेट लगाने में भी परेशानी हो सकती है। समिति की ओर से जिला प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराते हुए बिजली तार को ऊंचा करने तथा आवश्यक सुरक्षा कवरिंग लगाने की मांग की जाएगी। समिति ने बताया कि नगर परिषद की ओर से इस वर्ष पहले से ही घाट की साफ-सफाई कराई जा रही है। मौके पर समिति के अध्यक्ष गौरव शाह, रमाशंकर जायसवाल, पवन भगत, रतन भगत सहित समिति के कई सदस्य उपस्थित थे।

उपायुक्त ने कालीभषान, टीनबंग्ला, साधु पोखर शीतला मंदिर आदि छठ घाटों का लिया जायजा



पाकुड़। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में सोमवार को उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज ने पाकुड़ शहरी क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कालीभषान, टीनबंग्ला, साधु पोखर, शीतला मंदिर पोखर एवं रानी दिग्गी तालाब स्थित छठ घाटों का दौरा कर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, विद्युत कनेक्शन एवं सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि छठ पर्व से पूर्व सभी घाटों पर साफ-सफाई, पर्याप्त रोशनी, सुरक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उपायुक्त ने पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, सुचारू यातायात प्रबंधन, निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं छठव्रती घाटों पर पहुंचते हैं। ऐसे में उनकी सुविधा और सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के क्रम में साधु पोखर में नीचे लटक रहे विद्युत तार को सुरक्षित ऊंचाई पर व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। वहीं, नगर परिषद को घाटों की नियमित साफ-सफाई कराने तथा जहां आवश्यकता हो, वहां स्ट्रीट लाइट लगाने को कहा, ताकि पर्व के दौरान पर्याप्त रोशनी उपलब्ध कराने व नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की सतत निगरानी करने को कहा, ताकि श्रद्धालुओं एवं छठव्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

राजापाड़ा स्थित प्राचीन मंदिर, झारखंड-बिहार और बंगाल से पहुंचते हैं श्रद्धालु

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। जिला मुख्यालय के राजा पाड़ा स्थित प्राचीन नित्य काली मंदिर धार्मिक आस्था के साथ अपनी ऐतिहासिक और तांत्रिक परंपराओं के लिए भी विशेष पहचान रखता है। मान्यता है कि इस मंदिर में सच्चे मन से मांगी गई मुराद मां काली अवश्य पूरी करती हैं। यही वजह है कि झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल, बिहार सहित अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पूजा-अर्चना करने पहुंचते हैं। मंदिर में वर्षों से तांत्रिक विधि-विधान के अनुसार मां काली की पूजा होती आ रही है।बताया जाता है कि मंदिर का निर्माण वर्ष 1737 में पाकुड़ के राजा पृथ्वीचंद्र शाही ने कराया था। मंदिर की स्थापना से जुड़ी एक प्रचलित कथा के अनुसार, राजा पृथ्वीचंद्र शाही को स्वप्न में मां काली ने आदेश दिया था कि राजबाड़ी के पीछे स्थित तालाब में एक शिला मौजूद है। उसे निकालकर मां की प्रतिमा के रूप में स्थापित किया जाए। संयोगवश अगले ही



दिन एक व्यक्ति राजा के दरबार में पहुंचा और स्वयं को बनारस का मूर्तिकार बताते हुए तालाब में मौजूद शिला से मां काली की प्रतिमा बनाने की बात कही। राजा ने इसे मां काली का संकेत मानते हुए तालाब से शिला निकलवाने का आदेश दिया। बताया जाता है कि मूर्तिकार ने एक ही दिन में मां काली की प्रतिमा तैयार कर दी। कोलकाता के तांत्रिक प्रकाश शैलेंद्र तीर्थनाथ के अनुसार, मूर्तिकार के रूप में स्वयं भगवान विश्वकर्मा आए थे। इसके बाद मंदिर में नियमित पूजा-अर्चना की परंपरा शुरू हुई।मंदिर की एक अन्य महत्वपूर्ण मान्यता महान तांत्रिक साधक बामाखेपा से जुड़ी है। पाकुड़ के पुरोहित भरत मिश्रा के अनुसार, मंदिर निर्माण के बाद मां काली के परम भक्त भाव साधक बामाखेपा स्वयं पाकुड़ पहुंचे थे। उन्होंने मंदिर परिसर में लगातार तीन दिनों तक मां काली की साधना की थी। इस दौरान मां काली ने उन्हें तारापीठ जाकर साधना करने का निर्देश दिया था। पुरोहित के मुताबिक, मां काली के उग्र स्वरूप को देखते हुए प्रतिमा स्थापना के बाद उनके पुत्र के रूप में भगवान गणेश की प्रतिमा भी स्थापित की गई।

मंदिर परिसर के चारों ओर शिवलिंग भी स्थापित कराए गए हैं। पुरोहित भरत मिश्रा बताते हैं कि जिस प्रकार बाबा बैद्यनाथ और बासुकीनाथ धाम का धार्मिक संबंध है, उसी प्रकार पाकुड़ के नित्य काली मंदिर और पश्चिम बंगाल के तारापीठ के बीच भी विशेष आध्यात्मिक संबंध माना जाता है।मंदिर में प्रत्येक दिन पूजा-अर्चना होती है, जबकि मंगलवार, शनिवार और काली पूजा के अवसर पर विशेष तांत्रिक विधि-विधान से आराधना की जाती है।

तीन ट्रैक्टरों से बैटरी की चोरी

महेशपुर (पाकुड़) महेशपुर थाना क्षेत्र के राजबाड़ी निवासी सुजीत कुमार सिंह के तीन ट्रैक्टरों से अज्ञात चोरों ने बैटरी चोरी कर ली। चोरी की पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित ने मामले को लेकर महेशपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।पीड़ित सुजीत कुमार सिंह (50), पिता स्व. संतोष कुमार सिंह ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि वह रोजाना काम समाप्त होने के बाद अपने तीनों ट्रैक्टर घर के सामने खड़े करते हैं। एक नवंबर 2026 की सुबह करीब आठ बजे जब वह महिंद्रा ट्रैक्टर को काम के लिए चालू करने पहुंचे, तो उसमें बैटरी गायब मिली। इसके बाद अन्य दोनों ट्रैक्टरों की जांच की गई, तो उनकी बैटरियां भी गायब थीं।इसके बाद उन्होंने घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला। इसमें पता चला कि 24 और 25 अक्टूबर की मध्यरात्रि अज्ञात चोरों ने तीनों ट्रैक्टरों से बैटरी खोलकर चोरी कर ली थी। फुटेज में चोर बैटरी ले जाते हुए दिखाई दे रहा है।

नम आंखों से मां दुर्गा को दी गई विदाई




अमड़ापाड़ा (पाकुड़)। प्रखंड मुख्यालय के मुख्य बाजार स्थित वैष्णवी दुर्गा मंदिर में स्थापित मां दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का सोमवार को बांसलोई नदी घाट पर विधि-विधान के साथ विसर्जन किया गया। इसके साथ ही क्षेत्र में दुर्गापूजा उत्सव संपन्न हो गया।विसर्जन से पूर्व मंदिर परिसर में महिलाओं ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर पारंपरिक सिंदूर खेला की रस्म निभाई। इसके बाद गाजे-बाजे और भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालुओं ने नगर भ्रमण करते हुए विसर्जन जुलूस निकाला। नदी घाट पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।स्थानीय परंपरा के अनुसार, यहां मां लक्खी की पूजा और ग्रामीण मेले के समापन के बाद ही दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता है। मौके पर सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के दशरथ भगत, सरोज मंडल, दीपंकर भगत, राज आनंद, निखिल कुमार, नीतीश भगत, नितेश कुमार, कन्हाई भगत,समेत सैकड़ों ग्रामीण

ट्रैक्टर की टक्कर से टोटो सवार महिला घायल, ग्रिड की दीवार तोड़ घुसा वाहन

पाकुड़। शहर के डीएवी स्कूल रोड पर सोमवार को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टोटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर बिजली ग्रिड की चारदीवारी तोड़ते हुए परिसर में जा घुसा। हादसे में छोटी अलीगंज निवासी 55 वर्षीय जीरमाला देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि टोटो चालक के सिर में भी चोट आई है।स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर पर नंबर प्लेट भी नहीं लगी थी। सूचना पर पहुंची नगर थाना पुलिस ने ट्रैक्टर और क्षतिग्रस्त टोटो को जब्त कर लिया है। पुलिस फरार चालक की पहचान और तलाश में जुटी है।

विदाई समारोह का आयोजन किया गया



संताल एक्सप्रेस पाकुड़। हुनर ही आत्मनिर्भरता की सबसे बड़ी ताकत है। यदि हाथों में कौशल और मन में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो, तो रोजगार के अवसर स्वयं पैदा किए जा सकते हैं। इसी संदेश के साथ रविवार को राज प्लस टू रोड, हाई स्कूल के समीप स्थित सीटी ब्यूटी पार्लर में प्रशिक्षण पूरा करने वाली छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी लुत्फुल हक, राजेंद्र मंडल एवं जैनेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों ने छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए उनके परिश्रम,लगन और हुनर की सराहना की। साथ ही उन्हें अपने कौशल का उपयोग कर आत्मनिर्भर बनने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए प्रेरित किया।संस्थान के निदेशक मोहम्मद हैदर अली ने कहा कि सीटी ब्यूटी पार्लर का उद्देश्य केवल छात्राओं को प्रशिक्षण देकर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना नहीं है, बल्कि उन्हें ऐसा व्यावहारिक हुनर प्रदान करना है, जिसके माध्यम से वे अपने पैरों पर खड़ी हो सकें। ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद छात्राएं स्वयं का पार्लर शुरू कर स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ा सकती हैं।

पूर्व मध्य रेल

ई-ठिका खोबोर

ठिका खोबोर संख्याः PR-DNR-PSI-TVAN-GHD-MHDA, माहित 29.10.2026,

कामी रेयाक् जुतुम आर जायगाः **Design, Supply, erection, testing & commissioning for Mobil PSI testing system/Mobile testing lab/testing mobile testing system for 25/2×25 KV traction system in the DDU and DHN division.** कामी रेयाक् मोट पूंजीः **रु. 18,90,70,577.60,** ठिका फार्म रेयाक् गोनोमः **रु. 0.00/-**, लाकतीक् बायना पायसाः **रु. 37,81,400/-**, ठिका आरदास जामाय आर ठिका झिजुक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः ठिका झिजुक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः माहितः 27.11.2026 हिलोक् 12.00 बजे। वेबसाइट बानाडाय, नोटिस बोर्ड रेयाक् जायगा, जाहारे दो पात्रता मानदंड आर एमान तेयाक् शर्तको रेयाक् बिवरोन आर बानाडाय जाम दाड़ेयाक्आः पात्रता मानदंड आर एमान तेयाक् शर्तको आर बिवरोन दो ठिका कागोच रे मेनाक् आकादा, ओका दो **www.ireps.gov.com** वेबसाइट रे जेल दाड़ेयाक्आ। ठिकाना आर एमान तेयाक् बानाडायः मुख्य विद्युत अभियंता/रेल परियोजना/दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम सोर रे, खगौल, पोस्ट-खगौल, जिला-पटना, पिन-801105

उप मुख्य विद्युत अभियंता रेल परियोजना/ पूमरे/दानापुर

पीआर/1233/डीएनआर/परियोजना/आरपीटी/26-27/32

जसीडीह रेलवे स्टेशन पर पार्किंग के नाम पर कथित अवैध वसूली, 10 रुपये की जगह वसूले जा रहे 100 से 200 रुपए

न्यू सर्कुलेटिंग एरिया में चंद मिनट वाहन खड़ा करने पर मनमानी वसूली का आरोप, नंदन इंटरप्राइजेज की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । जसीडीह रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए बनाई गई पार्किंग व्यवस्था अब वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। आरोप है कि पार्किंग शुल्क के नाम पर रेलवे के निर्धारित नियमों को ताक पर रखकर यात्रियों और वाहन चालकों से मनमानी राशि वसूली जा रही है। इससे रेलवे की पार्किंग व्यवस्था और संवेदक की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

मामला जसीडीह रेलवे स्टेशन के न्यू सर्कुलेटिंग एरिया का है, जहां पार्किंग संचालन कर रही नंदन इंटरप्राइजेज पर निर्धारित शुल्क से कई गुना अधिक राशि वसूलने का आरोप लगाया गया है। जानकारी के अनुसार, रेलवे द्वारा निर्धारित दरों के मुताबिक चारपहिया वाहन के लिए छह घंटे का पार्किंग शुल्क 10 रुपये, 12 घंटे का 20 रुपये और 24 घंटे का 40 रुपये तय है। इसके बावजूद आरोप है कि अपने परिजनों को स्टेशन छोड़ने या लेने के लिए कुछ मिनटों के लिए वाहन लेकर पहुंचने वाले लोगों से 100 से 200 रुपये तक वसूले जा रहे हैं।

ऐसे में सवाल उठता है कि जब रेलवे ने पार्किंग शुल्क की दरें निर्धारित कर रखी हैं, तो यात्रियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने का अधिकार किसने दिया है? क्या संवेदक रेलवे के नियमों से ऊपर है? रेलवे



प्रशासन की नाक के नीचे कथित रूप से हो रही इस मनमानी पर जिम्मेदार अधिकारियों की नजर क्यों नहीं पड़ रही है? इस मामले में नंदन इंटरप्राइजेज के संवेदक नंदन कुमार का नाम सामने आया है। वहीं, जसीडीह के सीटीआई ऋषि देव कुमार से पक्ष जानने के लिए संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल फोन नोट रीचेबल मिला। अब देखना होगा कि रेलवे प्रशासन मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराता है और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई करता है या फिर यात्रियों को पार्किंग के नाम पर कथित मनमानी वसूली का सामना करना पड़ता रहेगा।

जेसीबी की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

जरमुंडी। जरमुंडी प्रखंड के तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बहिंगा गांव के समीप जेसीबी के चपेट में आकर बाइक सवार एक चौकीदार की मौत हो गई। मृतक की पहचान सोनारायठाढ़ी गहरीटांड़ गांव निवासी 33 वर्षीय चौकीदार शिबू टुडू के रूप में हुई है। मृतक स्वर्गीय लखन टुडू का पुत्र था। बताया जा रहा है कि शिबू टुडू दुमका जिला के तालझारी में चौकीदार के पद पर पदस्थापित था। रविवार को वह ड्यूटी समाप्त कर बाइक से अपने घर गहरीटांड़ लौट रहा था, इसी दौरान देवघर जिला के सोनारायठाड़ी थाना क्षेत्र के बेहंगा से सटे इलाके में रास्ते में जेसीबी ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शपथ पत्र

बेटका टुडू (BETKA TUDU), आधार सं0- 6732 9626 8807 पिता- भायो टुडू (BHAYO TUDU), साकिन- जमालपुर बोराबांध, पो0- बरहेट, थाना- बरहेट, प्रखण्ड- बरहेट, जिला- साहेबगंज, पिन-816102 झारखण्ड का निवासी हूँ।

मैं, उपरोक्त पवित्र निष्ठापूर्वक निम्नलिखित अपना ब्यान प्रस्तुत करता हूँ।

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि मेरा पुत्र का नाम रोबिन टुडू (ROBIN TUDU) सही एवं वास्ताविक नाम है।
3. यह कि मेरा पुत्र का आधार कार्ड संख्या- 3706 5939 4973 में नाम भायो टुडू (BHAYO TUDU) गलत अंकित हो गया है।
4. यह कि मेरा पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र सं0-B20262001312000010में मेरा पुत्र का नाम - रोबिन टुडू (ROBIN TUDU) अंकित है जो सही एवं सत्य है।
5. यह है कि मैं अपना पुत्र का नाम भायो टुडू (BHAYO TUDU) के स्थान पर रोबिन टुडू (ROBIN TUDU) सुधार कर अधार कार्ड में अंकित कराना चाहता हूँ।
6. यह है कि भायो टुडू (BHAYO TUDU) एवं रोबिन टुडू (ROBIN TUDU) दोनो एक ही व्यक्ति का नाम है।

यह कि मेरे द्वारा उपरोक्त दिए गए सारे कथन मेरी जानकारी एवं विश्वास में सही एवं सत्य है। इसका कोई भी भाग असत्य नहीं हैं।

A.F No- 3945 Date-29.10.26

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत का देवघर एयरपोर्ट पर स्वागत



देवघर । भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत सोमवार को देवघर पहुंचे। देवघर एयरपोर्ट पर न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान जैप-1 के जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस अवसर पर झारखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय, प्रधान जिला न्यायाधीश केके झा, झालसा की सदस्य सचिव कुमारी रंजन अस्थाना, संथाल परगना प्रमंडल के आयुक्त शैलेंद्र कुमार लाल और डीआईजी अंबर लकड़ा उपस्थित रहे। इसके अलावा उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया, पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर, उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, नगर आयुक्त सुलोचना मीणा और अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार ने भी मुख्य न्यायाधीश का स्वागत किया।

जेटेट परीक्षा में मोबाइल के साथ पकड़ी गई अभ्यर्थी को भेजा गया जेल

देवघर। झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) के दौरान मोबाइल फोन के साथ पकड़ी गई अभ्यर्थी बबीता सिंघा को सोमवार को कोर्ट के निर्देश पर न्यायिक हिरासत में मंडल कारा भेज दिया गया। वह अपग्रेड हाईस्कूल चितौ लोढ़िया परीक्षा केंद्र पर मोबाइल के साथ पकड़ी गई थी। प्राथमिकी के अनुसार, एक नवंबर को परीक्षा के दौरान बबीता ने तबीयत खराब होने की बात कहकर दोपहर करीब 3:30 बजे वॉशरूम जाने की अनुमति ली थी। वहां से लौटने पर उसके पास एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन मिला। परीक्षा केंद्र में मोबाइल ले जाना प्रतिबंधित था। इसके बाद मोबाइल जब्त कर वरीय अधिकारियों और स्टेटिक मजिस्ट्रेट उत्सव कुमार को सूचना दी गई। केंद्राधीक्षक सह प्रभारी प्रधानाध्यापिका पूजा सिंह की शिकायत और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की अनुशंसा पर कुंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। इसके बाद अभ्यर्थी को जब्त मोबाइल के साथ पुलिस के हवाले कर दिया गया। सोमवार को पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया गया। बबीता सिंघा दुमका जिले के मसानजोर स्थित रानीबहाल की रहने वाली है और पारा शिक्षिका है। मामले में कुंडा थाना कांड संख्या 138/2026 दर्ज किया गया है। प्राथमिकी में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) और 223 तथा झारखंड प्रतियोगिता परीक्षा अधिनियम, 2023 की धारा 12(1) लगाई गई है। गौरतलब है कि जेटेट परीक्षा को कदाचारमुक्त और पारदर्शी बनाने के लिए परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया था।

अभ्यर्थियों के बीच बांटा गया सर्टिफिकेट

मधुपुर । शहर के पनाहकोला रोड स्थित भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी परिसर में सोमवार को प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों के बीच सर्टिफिकेट बांटा गया. राज्य प्रशिक्षण पदाधिकारी, रेड क्रॉस रांची सह चेयरमैन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संगठन, बोकारो के डॉ. एस.पी. वर्मा ने सभी अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र देकर उनको उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दिया. मौके पर उन्होंने कहा ये सभी बच्चों ने शिविर में होने वाले प्रत्येक सत्र में पूरी रुचि व अनुशासन के साथ भाग लिया था. सभी ने प्रशिक्षकों के अनुभवों से कई महवपूर्ण बातों को सीखा. हमें विश्वास है कि इस प्रशिक्षण शिविर से प्राप्त ज्ञान और अनुभव भविष्य में हमारे कार्यों को और बेहतर बनाने में काम आयेगा. आपको बताते चले कि भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी के द्वारा तीन दिवसीय प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण शिविर-2026 का आयोजन किया गया था. उसमें दर्जनों बच्चों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया था. मौके पर रेड क्रॉस के सचिव महेंद्र घोष, श सचिव प्रेम पाठक, कोषाध्यक्ष रंजन कुमार, सच्चिदानंद सिंह, शारदा प्रसाद सिन्हा, , सुल्तान अहमद दिलीप, दीपक मिश्रा, आलोक कुमार, बिनोद प्रसाद, शाकिब खान, निरंजन कुमार सहित कई सदस्य शामिल थे.

देवघर में ए डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

देवघर । देवघर जिला क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित ए डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ मंगलवार को केकेएन स्टेडियम में होगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर एसोसिएशन के अध्यक्ष केके ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में चालू सत्र के विभिन्न डिवीजनों के आयोजन और संचालन को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस दौरान जिला क्रिकेट सचिव विजय झा, मनोज मिश्रा, संजय मालवीय, इफ्तिखार शेख, राजेश कुमार, ज्ञान शाही, अमित चरण द्वारी, मोहित मिश्रा, रवि कुमार, पंकज, सुभाष श्रृंगारी, सनी सान्याल, किशन फलाहारी, शैलेश दुबे, अमरिंदर और अभिषेक आनंद सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

शिकारीपाड़ा में मनाया गया जल अर्पण दिवस

शिकारीपाड़ा (दुमका) । पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल दुमका-01, अंतर्गत शिकारीपाड़ा प्रखंड के सिमानीजोर पंचायत के काराकट्टा एवं हरिनसिंहा ग्राम में प्रखंड विकास पदाधिकारी मो. एजाज आलम एवं मुखिया जी की संयुक्त अध्यक्षता में ÷जल अर्पण दिवस÷ का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया! अपने संबोधन में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जल अर्पण दिवस के महत्व यथा- भूजल का रिचार्ज, जल संरक्षण,जल प्रबंधन, जल कर शुल्क, जल गुणवत्ता जांच,पेयजल आपूर्ति का संचालन एवं रखरखाव, वर्षा जल संचयन,जलकर शुल्क के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। जिला समन्वयक एवं कनिय अभियंता द्वारा बताया गया की पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एवं ग्रामीणों के बीच आपसी समन्वय किस तरह से स्थापित हो इस विषय पर प्रकाश डाला गया! इस अवसर जल शपथ, जल श्रृंगार, एवं त्रिपक्षीया समझौता कर योजनाओं का हस्ताँत्तारण ग्राम जल स्वच्छता एवं समिति को किया गया! जल अर्पण दिवस को सफल बनाने में प्रखंड समन्वयक बिकास मिश्रा जलसहिया, पंचायत सचिव, मुखिया, जेएसपीएल से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की दीदी एवं ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

भाजपा ने संगठन मजबूती को लेकर की मासिक बैठक



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

मधुपुर । शहर के सीताराम डालमिया रोड स्थित निजी सभागार में रविवार को भारतीय जनता पार्टी मधुपुर नगर इकाई की मासिक बैठक द नगर अध्यक्ष रवि रवानी की अध्यक्षता में आयोजन किया गया. बैठक में मुख्य रूप से भाजपा नगर अध्यक्ष रवि रवानी ने संगठन मजबूती आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, बूथ सशक्तीकरण अभियान तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर विस्तृत चर्चा की. नगर अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों एवं कार्यक्रमों को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया साथ ही बूथ सशक्तीकरण को लेकर पार्टी पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिए. मौके पर भाजपा महामंत्री विनोद गोंड, सतनारायण रवानी, गुड्डू दुबे, मालती सिन्हा, हेमंत दुबे, मदन यादव, विक्की भारद्वाज, अमिताभ गुप्ता, संजय मिश्रा, शैलेंद्र गौतम, बिट्टू गुप्ता मुकेश ठाकुर, समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे.

मधुस्थली इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग में नववरन कार्यक्रम का आयोजन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

मधुपुर । मधुस्थली इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग मधुपुर में बी.एड. सत्र 2026-28 एवं बी.लिब. एंड इन्फॉर्मेशन साइंस सत्र 2026-27 के नव-नामांकित विद्यार्थियों के स्वागत हेतु नववरन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का संचालन संस्थान की सहायक प्राध्यापिका सुश्री सहेली रॉय ने किया. कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलन द्वारा हुआ, तत्पश्चात संस्थान की प्राचार्या डॉ. जॉली सिन्हा ने अपने स्वागत भाषण में नव-नामांकित विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए नियमित उपस्थिति, अनुशासन, समयबद्धता तथा सिखने के प्रति समर्पण पर विशेष बल दिया. साथ ही उन्होंने विद्यार्थिओं को संस्थान के शैक्षणिक एवं सह - शैक्षणिक गतिविधिओं में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित



किया. कार्यक्रम ने नव नामांकित विद्यार्थिओं ने अपना परिचय दिया तथा उनसे संस्थान के सभी शिक्षकों का परिचय भी कराया गया. कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की पहल पर नव - प्रवेशी विद्यार्थिओं द्वारा पौधारोपण भी किया गया. कार्यक्रम का समापन बी.एड. सत्र- 2026-28 के समन्वयक सुरेश चंद्र जयसवाल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

वेतन और भत्तों की मांग पर अड़े आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मी प्रशासन के अल्टीमेटम के बाद भी एजेंसियों की मनमानी जारी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। अपनी जायज मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल 17वें दिन भी जारी रही। जिला प्रशासन की सख्ती के बावजूद आउटसोर्सिंग कंपनियां स्वास्थ्य कर्मियों की मांगों को मानने को तैयार नहीं हैं। इससे पहले श्रम अधीक्षक, सिविल सर्जन और उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित एजेंसियों को तीन दिनों के भीतर बकाया वेतन का भुगतान करने का कड़ा निर्देश दिया था। इसके बावजूद एजेंसियों के रवैये में कोई बदलाव नहीं आया है।

आंदोलनकारियों का आरोप है कि विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा प्रभारी गलत जानकारियां फैलाकर उनके शांतिपूर्ण आंदोलन को कमजोर करने और तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इसी बीच, काठीकुंड सी एच सी में कमांडो एजेंसी के सुपरवाइजर के साथ कर्मियों की बातचीत हुई। जब स्वास्थ्य कर्मियों ने बकाया वेतन, न्यूनतम मजदूरी दर, ईपीएफ, ईएसआईसी और बोनस जैसी अपनी बुनियादी मांगों को उनके सामने रखा, तो सुपरवाइजर ने इन मांगों को पूरा करने में पूरी तरह असमर्थता जता दी।

पारा मेडिकल स्टाफ एसोसिएशन के सचिव राजू कुमार ने इस स्थिति पर गहरा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आउटसोर्सिंग एजेंसियों ने जिला प्रशासन के आदेशों को पूरी तरह से ठेंगा दिखा दिया है। राजू कुमार ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि जब तक स्वास्थ्य कर्मियों की सभी बुनियादी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, तब तक उनका यह आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हड़ताल के लंबा खिंचने और इससे उत्पन्न होने वाली किसी भी परिस्थिति की पूरी जिम्मेदारी जिले के सिविल सर्जन और सभी चिकित्सा प्रभारियों की होगी।

एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का डीडीसी ने किया नरीक्षण

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका । डीडीसी अनिकेत सचान ने सोमवार को गोपीकांदर स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल के भवन, बुनियादी सुविधाओं और वर्तमान स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। डीडीसी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि



विद्यालय में बिना किसी देरी के नया शैक्षणिक सत्र शुरू किया जाए ताकि क्षेत्र के बच्चों को जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान डीडीसी अनिकेत सचान ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि दाखिले और पठन-पाठन से जुड़ी सभी बची हुई तैयारियों को युद्धस्तर पर पूरा करें। स्कूल में बेहतर और सुरक्षित शैक्षणिक माहौल तैयार करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि बुनियादी सुविधाओं में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। जिला प्रशासन ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्र के विद्यार्थियों को हर जरूरी सुविधा के साथ बेहतर माहौल देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

शपथ पत्र

नजरूल अंसारी, पिता- उमर अली अंसारी, साकिन- सोनाजोरी, पो0- बरहेट, थाना- बरहेट, प्रखण्ड- बरहेट, जिला- साहेबगंज, पिन-816102 झारखण्ड का निवासी हूँ।

मैं, उपरोक्त पवित्र निष्ठापूर्वक निम्नलिखित अपना ब्यान प्रस्तुत करता हूँ।

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।
2.यह कि मेरा पुत्र का नाम बदरे आलम (BADRE ALAM) सही एवं वास्ताविक नाम है।
3 यह कि मेरा पुत्र का आधार कार्ड 3469 1438 9751 में नाम वदरे आलम (VADARE ALAM) गलत अंकित हो गया है।
4. यह कि मेरा पुत्र का मैट्रिक अंक प्रमाण पत्र सं0-326038 मेरा पुत्र का नाम बदरे आलम (BADRE ALAM) है जो सही एवं सत्य है।
5. यह है कि मैं अपना पुत्र का नाम वदरे आलम (VADARE ALAM) के स्थान पर बदरे आलम (BADRE ALAM) सुधार कर अधार कार्ड में अंकित कराना चाहता हूँ।
6. यह है कि वदरे आलम (VADARE ALAM) एवं बदरे आलम (BADRE ALAM) दोनो एक ही व्यक्ति का नाम है।

यह कि मेरे द्वारा उपरोक्त दिए गए सारे कथन मेरी जानकारी एवं विश्वास में सही एवं सत्य है। इसका कोई भी. भाग असत्य नहीं हैं।

A.F No- 3943 Date-29.10.26

शपथ पत्र

रूस बीबी (RUS BIBI), पति- मो. अफरूद्दीन शेख (MD. AFRUDDIN SHEKH), साकिन- मध्य नारायणपुर मुर्गी टोला, पो0- नारायणपुर, थाना- राजमहल, प्रखंड राजमहल, जिला- साहेबगंज, राज्य झारखण्ड 816108 मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्य एवं निष्ठापूर्वक निम्न ब्यान दर्ज करती हूँ कि -

1.यह कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि मेरी नाम राशुलम बीबी (RASHULAM BIBI) जो सही एवं सत्य है।
3. यह कि मेरी आधार कार्ड सं0- 4791 1337 9796 है एवं वोटर कार्ड संख्या MWB1466135 इत्यादि में रूस बीबी (RUS BIBI) भुलवश गलत अंकित हो गया है, जिसे सुधार कर मेरी सत्य एवं वास्तविक नाम राशुलम बीबी (RASHULAM BIBI) अंकित करने कि आवश्यकता है ।
4. यह कि मेरा राशन कार्ड संख्या 202006111053 एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया खाता संख्या 33011378351 में वास्तविक नाम राशुलम बीबी (RASHULAM BIBI) है।
5. यह कि रूस बीबी (RUS BIBI) एवं राशुलम बीबी (RASHULAM BIBI) एक ही महिला का नाम है।

उपरोक्त सभी कथन मेरी जानकारी एवं विश्वास में सत्य एवं सही इसका कोई भी भाग असत्य नहीं है।

A.F No- 3873 Date-29.10.26

युवा महोत्सव में कला और संस्कृति के महाकुंभ में चमके दुमका के युवा, दिखा प्रतिभा का हुनर

संवाददाता

दुमका। इंडोर स्टेडियम में आज जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2026-27 का बेहद शानदार और उमंग से भरा आयोजन सोमवार को किया गया। इस भव्य महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि दुमका के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला युवा पदाधिकारी और जिला खेल पदाधिकारी भी मौजूद रहे। युवाओं में इस आयोजन को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखा गया।

सांस्कृतिक धरोहर और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस महोत्सव में जिला खेल समन्वयक, जिला पर्यटन विशेषज्ञ, विभिन्न खेलों के प्रशिक्षक और जिला खेल कार्यालय के कर्मी उपस्थित रहे। इस आयोजन का मुख्य ध्येय जिले के होनहार युवाओं को एक बेहतर मंच देना था ताकि वे अपनी कला, रचनात्मकता और सामूहिक सहभागिता की भावना का प्रदर्शन कर सकें।

महोत्सव के दौरान कुल पांच मुख्य



विधाओं में कड़ी प्रतियोगिताएं हुईं। इनमें कविता लेखन, चित्रकला, नुक्कड़ नाटक, समूह लोकगीत और समूह लोकनृत्य शामिल थे। निर्णायक मंडल ने सभी प्रस्तुतियों का बारीकी और निर्धारित मानदंडों के आधार पर मूल्यांकन किया।

प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे-

कविता लेखन में हरिप्रिया कुमारी राजक ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि रवि रंजन दूसरे और अंकित कुमार तीसरे स्थान पर रहे।

चित्रकला प्रतियोगिता में साक्षी कुमारी अव्वल रहीं, जबकि सुजाता टुडू ने दूसरा और श्रेया पासवान ने तीसरा स्थान हासिल किया।

नुक्कड़ नाटक विधा में नवा आरी ग्रुप ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से बाजी मारी। इस प्रतियोगिता में जिशान ग्रुप दूसरे और शामभवी ग्रुप तीसरे स्थान पर रहा।

समूह लोकगीत में चाय चंपा ग्रुप विजेता बना और बहा बागान टीम ने भी अपनी सुरीली प्रस्तुति से प्रभावित किया।

समूह लोकनृत्य प्रतियोगिता में रीला माला ग्रुप ने पहला स्थान झटका, वहीं विनिशा ग्रुप और जोबा बाहा ग्रुप ने भी अपनी शानदार नृत्य कला का प्रदर्शन किया।

इस पूरे महोत्सव को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने में निर्णायक मंडल की भूमिका सराहनीय रही। इसमें महेंद्र प्रसाद, मोनिमाला सिंघ, मधु कुमार सिंह, मेरी सुशाना टुडू, एमनुल सोरेन, हर्षिता तिवारी, डॉ. रूपम कुमारी, डॉ. मधुर कुमार सिंह, सोमनाथ राय, उमाशंकर चौबे, अभिषेक मुखर्जी, विद्यापति झा, डॉ. अमरेंद्र सुमन और अशोक सिंह जैसे प्रबुद्ध नाम शामिल थे।

जिला खेल कार्यालय के पदाधिकारियों और कर्मियों की मेहनत से कार्यक्रम पूरी तरह सफल रहा। इस महोत्सव ने न सिर्फ युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने का मौका दिया, बल्कि उन्हें आगे होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए भी नया हौसला और प्रेरणा दी।

शपथ पत्र

राहुल कुमार (RAHUL KUMAR), आधार सं0 6441 5824 5263 पिता-रामजी शर्मा, **(RAMJI SHARMA)** साकिन- नियर पुल रसुलपुर दहला, पो0-साहेबगंज, थाना- साहेबगंज नगर, प्रखण्ड- साहेबगंज, जिला- साहेबगंज, पिन-816109 झारखण्ड का निवासी हूँ।

मैं, उपरोक्त पवित्र निष्ठापूर्वक निम्नलिखित अपना ब्यान प्रस्तुत करता हूँ।

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि मेरा नाम **लाडला कुमार (LADLA KUMAR)** सही एवं वास्ताविक नाम है।
3. यह कि आधार कार्ड सं0 6441 5824 5263 में मेरा नाम **राहुल कुमार (RAHUL KUMAR)** गलत अंकित हो गया है।
4. यह कि मेरा मैट्रिक का अंक प्रमाण पत्र संख्या-**323009** में नाम **लाडला कुमार (LADLA KUMAR)** है जो सही एवं सत्य है।
5. यह है कि मैं अपना नाम **राहुल कुमार (RAHUL KUMAR)** के स्थान पर **लाडला कुमार (LADLA KUMAR)** सुधार कर अधार कार्ड में अंकित कराना चाहता हूँ।
6. यह है कि **राहुल कुमार (RAHUL KUMAR)** एवं **लाडला कुमार (LADLA KUMAR)** दोनो एक ही व्यक्ति का नाम है।

यह कि मेरे द्वारा उपरोक्त दिए गए सारे कथन मेरी जानकारी एवं विश्वास में सही एवं सत्य है। इसका कोई भी भाग असत्य नहीं हैं।

A.F No- 3939 Date-29.10.26

शपथ पत्र

मुन्नी देवी, पति-केदार साह, निवासी ग्राम-अशाखापर, पोस्ट-बनियाडीह, थाना-रूंजी, जिला-गोड्डा (झारखण्ड), वर्तमान निवासी-बड़ी कोदरजन्ना, पोस्ट-बड़ी कोदरजन्ना, थाना-साहेबगंज (मु0), जिला-साहेबगंज (झारखण्ड)।

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्य एवं निष्ठापूर्वक निम्नलिखित बयान दर्ज करती हूँ कि -

1.यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ।
2. यह कि आधार संख्या-3804 3449 2840 में मेरा नाम हिन्दी में मुन्नी देवी दर्ज है जो सही है तथा अंग्रेजी में मेरा नाम Sahmunni Devi दर्ज है जो गलत है।
3. यह कि मतदाता फोटो पहचान पत्र संख्या-GCG1276476 में मेरा नाम हिन्दी में मुन्नी देवी एवं अंग्रेजी में Munni Devi दर्ज है जो सही एवं सत्य है।
4. यह कि मैं घोषणा करती हूँ कि मेरा सही एवं सत्य नाम मुन्नी देवी (Munni Devi) है जो मेरे आधार संख्या-3804 3449 2840 में हिन्दी एवं मतदाता फोटो पहचान पत्र संख्या-GCG1276476 हिन्दी एवं अंग्रेजी में दर्ज है।
5. यह कि आधार संख्या-3804 3449 2840 में अंग्रेजी में मेरा नाम Sahmunni Devi के स्थान पर मेरा सही एवं सत्य नाम Munni Devi सुधार कर दर्ज करने की आवश्यकता है। यह कि उपरोक्त सभी कथन सत्य है, इसका कोई भी भाग असत्य नहीं है।

A.F No- 2950 Date-19.09.26

डीसी ने की मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

साहिबगंज - विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के सफल क्रियान्वयन तथा मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता एवं समावेशिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में डीसी दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्षों, सचिवों एवं बीएलए-1 के साथ बैठक हुई. बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत आगामी 04 नवंबर एवं 18 नवंबर 2026 को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर आयोजित होने वाली क्रमशः पांचवीं एवं छठी बैठक के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी.उन्होंने बताया कि 04 नवंबर 2026 को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल ऑफिसर, बूथ लेवल एजेंट एवं चुनाव पाठशाला के सदस्यों की उपस्थिति में पांचवीं बैठक आयोजित की जाएगी. इस बैठक में वैसे मतदाताओं की नामवार सूची प्रकाशित की जाएगी, जिन्होंने नोटिस एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण नहीं की है. संबंधित सूची को बीएलओ द्वारा उपस्थित सदस्यों एवं आम नागरिकों के समक्ष पढ़कर सुनाया जाएगा. इस दौरान बीएलए-2 एवं आम नागरिकों से संबंधित मतदाताओं के संबंध में आवश्यक जानकारी, सुझाव एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी. ताकि किसी भी पात्र भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से वंचित न रहे.इसी क्रम में 18 नवंबर 2026 को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर प्रपत्र-3 का प्रकाशन करते हुए छठी बैठक आयोजित की जाएगी.इस बैठक में बीएलए-2 एवं चुनाव पाठशाला के सदस्य शामिल होंगे. निर्धारित तिथि तक सभी मतदान केंद्रों पर प्रपत्र-3 में अंकित सुनवाई एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत अपात्र पाए गए व्यक्तियों की नामवार सूची प्रकाशित की जाएगी. उक्त सूची को बीएलओ, बीएलए-2, चुनाव पाठशाला के सदस्यों एवं उपस्थित आम नागरिकों के समक्ष पढ़कर सुनाया जाएगा. जिससे मतदाता सूची की पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके.बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि 04 नवंबर को प्रपत्र-2 तथा 18 नवंबर को प्रपत्र-3 सभी मतदान केंद्रों पर प्रकाशित किए जाएंगे. साथ ही सभी बीएलए-2 को प्रपत्र-2 एवं प्रपत्र-3 की एक-एक प्रति उपलब्ध कराई जाएगी.

झारखंड प्रदेश एंबुलेंस कर्मचारी संघ की शाखा साहिबगंज की बैठक में जिला कार्यकारिणी का गठन



संताल एक्सप्रेस साहिबगंज-साहिबगंज सदर अस्पताल परिसर स्थित एनसीडी भवन में सोमवार को झारखंड प्रदेश एंबुलेंस कर्मचारी संघ की बैठक हुई.बैठक में 108 एंबुलेंस कर्मचारियों की लगातार बढ़ती समस्याओं, उनके हक-अधिकार एवं संगठन की मजबूती और विस्तार को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई.बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संघ के प्रदेश अध्यक्ष नीरज तिवारी व जिला सचिव रविन्द्र कुमार शर्मा की भी विशेष उपस्थित थे.प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में संगठन को जिला स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने तथा नई जिला कार्यकारिणी के गठन को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए.बैठक में सर्वसम्मति से साहिबगंज जिला की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया. जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई.नवगठित जिला कार्यकारिणी में अध्यक्ष रोहित रंजन,कार्यकारी अध्यक्ष,छोटू पंडित,उपाध्यक्ष राजू मंडल, कुंदन सिंह, मुकेश यादव एवं कुंदन वर्मा,सचिव मुकेश मंडल,संगठन मंत्री लालचंद चौधरी,कोषाध्यक्ष संजय कुमार सिंह,सह कोषाध्यक्ष अशोक साह एवंकार्यकारिणी सदस्यमुरली प्रसाद, पवन कुमार, विष्णु साह, सोनू कुमार, अशोक कुमार, प्रमोद दास, राजू पंडित, नीतीश कुमार, रविन्द्र कुमार, आदित्य राज, नारद सिंह, अमरजीत कुमार, योगेश यादव, आशीष रंजन एवं राजू ठाकुर को नियुक्त किया गया. सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा एंबुलेंस कर्मचारियों के अधिकारों एवं हितों की रक्षा के लिए पूरी एकजुटता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया.बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि संगठन की मजबूती ही कर्मचारियों की एकता और उनके अधिकारों की लड़ाई को मजबूत आधार प्रदान करेगी. कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान, सेवा सुरक्षा एवं सम्मानजनक कार्य परिस्थितियों के लिए संघ निरंतर प्रयासरत रहेगा.इस अवसर पर आदित्य राज, अमरजीत चौधरी सहित अनेक एंबुलेंस कर्मचारी एवं संघ के सदस्य उपस्थित थे.

विद्यालय का छज्जा गिरने से छात्र सूरज बास्की घायल, स्कूल भवन की जर्जर स्थिति पर उठे सवाल

बरहरवा- बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के बटाइल पंचायत अंतर्गत दुलमपुर गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुलमपुर में सोमवार को एक हादसा हो गया. विद्यालय भवन की खिड़की का छज्जा अचानक टूटकर गिरने से छात्र सूरज बास्की घायल हो गया.मिली जानकारी के अनुसार मध्यान भोजन के उपरांत विद्यालय के कुछ बच्चे परिसर के पीछे की ओर खेल रहे थे. इसी दौरान अचानक विद्यालय की खिड़की का छज्जा टूटकर नीचे गिर पड़ा. छज्जे की चपेट में आने से छात्र सूरज बास्की घायल हो गया. वहीं आसपास खेल रहे अन्य बच्चे भी अचानक हुई इस घटना से घबरा गए और किसी तरह वहां से हटकर अपनी जान बचाई.घटना के बाद विद्यालय में बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं. जिस समय बच्चे विद्यालय परिसर में खेल रहे थे.उसी दौरान छज्जे का गिरना किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता था. विद्यालय भवन की जर्जर स्थिति को लेकर अब ग्रामीणों और अभिभावकों में चिंता देखी जा रही है.ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने शिक्षा विभाग के संबंधित अधिकारियों से विद्यालय भवन की तत्काल जांच कराने और जर्जर छज्जे सहित अन्य कमजोर हिस्सों की अविलंब मरम्मत कराने की मांग की है. उनका कहना है कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है. यदि समय रहते भवन की मरम्मत नहीं कराई गई तो भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है.

छठ घाट की साफ-सफाई को लेकर को सौंपा ज्ञापन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज-सदर प्रखंड अंतर्गत लाल बथानी मुसहरी टोला स्थित नदी किनारे छठ घाट की साफ-सफाई एवं श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर युवा कांग्रेस के राजमहल विधानसभा अध्यक्ष कौसर आलम ने सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा. आवेदन के माध्यम से कौसर आलम ने बताया कि लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर इस घाट पर बड़ी संख्या में छठ व्रती एवं श्रद्धालु भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने पहुंचते हैं.लेकिन वर्तमान में घाट पर फैली गंदगी और उगी झाड़ियों के कारण श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है.उन्होंने प्रशासन से छठ महापर्व से पहले घाट की समुचित साफ-सफाई कराने, झाड़ियों की कटाई, कचरे की हटाई तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की मांग की. वहीं आवेदन मिलने के बाद बीडीओ ने कौसर आलम को आश्वासन दिया कि छठ महापर्व को देखते हुए घाट की स्थिति को संज्ञान लेकर साफ-सफाई एवं आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था कराने के लिए संबंधित स्तर पर पहल की जाएगी.कौसर आलम ने उम्मीद जताई कि प्रशासन समय रहते घाट की सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएं पूरी कराएगा.ताकि छठ व्रती और श्रद्धालु स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण में आस्था के महापर्व को संपन्न कर सकें.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, साहेबगंज।

आमंत्रित निविदा को रद्द करने से संबंधित सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पी0आर0 संख्या– 392448 Building ;26-27) D" के माध्यम से आमंत्रित Renovation of JAP-9 Sahebganj Residence at Sahebganj कार्य की निविदा को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल,साहेबगंज

PR 393062 Building(26-27)#D

रेलवे पुल पर रास्ता बंद होने से किसानों में आक्रोश, प्रदर्शन कर जताया विरोध



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

बरहरवा- कोटालपोखर क्षेत्र के विजयपुर स्थित रेलवे पुल संख्या 256 पर लोहे के स्लीपर गाड़कर रास्ता बंद किए जाने से किसानों में भारी आक्रोश है. रेलवे प्रशासन के इस कदम के विरोध में दर्जनों किसानों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया और रेलवे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. किसानों ने जल्द से जल्द रास्ता चालू करने अथवा आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की.

किसानों का कहना है कि धान कटाई का समय चल रहा है. ऐसे में रेलवे पुल का रास्ता बंद कर दिए जाने से आसपास के सात गांवों के किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. पहले किसान इसी रास्ते से आसानी से अपने खेतों से धान लेकर खलिहान तक पहुंच जाते थे. लेकिन अब रास्ता बंद होने के कारण उन्हें करीब 20 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा है. इससे न केवल समय की बर्बादी हो रही है. बल्कि धान की ढुलाई में अतिरिक्त खर्च भी उठाना पड़ रहा है.प्रदर्शन कर रहे किसानों ने कहा कि खेती-किसानी पहले से ही कई तरह की चुनौतियों से जूझ रही है. ऐसे समय में आवागमन का रास्ता बंद कर देने से उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं. किसानों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल रास्ता बहाल किया जाए या फिर कोई वैकल्पिक रास्ता उपलब्ध कराया जाए.अब सवाल यह उठता है कि धान कटाई के इस महत्वपूर्ण मौसम में किसानों की परेशानी को देखते हुए रेलवे प्रशासन कब तक कोई ठोस कदम उठाता है.

एसआईआर को लेकर बरहेट में झामुमो की बैठक, बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने का आह्वान

संताल एक्सप्रेस संवाददाता



बरहेट-दामिन उच्च विद्यालय के बगल स्थित ऑडिटोरियम हॉल में झारखंड मुक्ति मोर्चा की बरहेट प्रखंड समिति की बैठक प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख बर्नाड मरांडी की अध्यक्षता में हुई. बैठक में केंद्रीय समिति सदस्य संजय गोस्वामी, सांसद प्रतिनिधि संजीव सामू हेंब्रम तथा जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू शामिल हुए.बैठक का प्रमुख एजेंडा आगामी 4 नवंबर को होने वाली चुनाव पाठशाला और एसआईआर से जुड़े कार्यों को गति देना था.बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक बूथ पर बीएलओ के साथ बीएलए- 2, संबंधित पंचायत के अध्यक्ष, सचिव और कार्यकर्ता बैठक करेंगे. अनमैप तथा एनोमली श्रेणी के मतदाताओं के जरूरी दस्तावेज बीएलओ को सौंपने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई.युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय गोस्वामी ने संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया. पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो. नजरुल इस्लाम ने छूटे हुए मतदाताओं के दस्तावेज उपलब्ध कराने पर बल दिया. बैठक का संचालन प्रखंड सचिव मुजीबुर रहमान ने किया. मौके पर उपप्रमुख रूपक साह, गुंजन सिंघानिया, मोहम्मद अली अंसारी, बेला किस्कू, सुनीता टुडू समेत कई पंचायत प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे.

मजदूरों के अधिकारों का हनन बर्दाश्त नहीं, बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रबंधन की जिम्मेदारी: राजकुमार



संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज-मालदा रेल मंडल अंतर्गत सकरीगली रेलवे रैक साइडिंग नंबर-6 में मजदूरों और मेसर्स आलोक स्टोन के प्रबंधन के बीच उत्पन्न श्रम विवाद को लेकर सोमवार को झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक की जिला कमेटी की बैठक जिला कमेटी सदस्य मुन्ना यादव की अध्यक्षता में हुई. बैठक में दोनों पक्षों की बातें बारी-बारी से सुनी गईं और विवाद के कारणों पर विस्तार से चर्चा की गई. बैठक में मजदूरों ने आरोप लगाया कि रैक प्लेसमेंट को लेकर श्रमिक मुन्ना यादव और प्रबंधन के मुंशी रंजय झा के बीच विवाद हुआ था. इस दौरान मुंशी द्वारा कथित रूप से गाली-गलौज और अपशब्दों का प्रयोग किया गया. जिससे मजदूरों में काफी आक्रोश व्याप्त है. मजदूरों का कहना था कि स्टोन चिप्स कंपनी द्वारा निर्धारित समय पर माल की आपूर्ति नहीं किए जाने के कारण उन्हें करीब चार घंटे तक इंतजार करना पड़ता है. इसके बावजूद मजदूरों को बिना काम दिए वापस भेज दिया जाता है तथा प्रबंधन द्वारा जेसीबी मशीन से लोडिंग का कार्य कराया जाता है. संघ की बैठक में इस व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा गया कि जब मजदूरों ने वैगन में आधे से अधिक माल लोड कर दिया था और आपूर्ति में देरी प्रबंधन की ओर से हुई तो ऐसी स्थिति में मजदूरों को उनकी पूरी निर्धारित मजदूरी मिलनी चाहिए. मजदूरों ने इसे उनके श्रम अधिकारों से जुड़ा गंभीर मामला बताया. मौके पर विजय यादव, राकेश राव, संजय रजक, धर्मेंद्र चौधरी सहित अन्य मजदूर एवं संघ के सदस्य उपस्थित थे.

साहिबगंज मे बैंडेड करैत सांप का किया गया रेस्क्यू

साहिबगंज - साहिबगंज डीसी के आवास परिसर से सोमवार को स्नेक रेस्क्यूवर जितेंद्र हजारी ने एक बैंडेड करैत सांप का रेस्क्यू किया.उन्होने बताया कि इस सांप का साहिबगंज में पहली बार रेस्क्यू किया गया है. इसमें न्यूरोटॉक्सिक जहर पाया जाता है.खास बात यह है कि इसके जहर की तुलना गोहमन सांप से किया जाय तो गोहमन सांप के जहर से सात गुणा तेजी से इस सांप का जहर शरीर पर असर करता है.यह सांप शर्मीला स्वभाव का होता है.और यह रात में ही अपने शिकार के तलाश में निकलता है.इसके द्वारा काटे जाने की बहुत कम ही केस सामने आता है.

विदाई समारोह का आयोजन



संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज-झारखंड सशस्त्र पुलिस-9 (जैप-9) साहिबगंज के सभागार में सोमवार को अवर निरीक्षक बिहारी राम एवं हवलदार राजकुमार यादव के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया.समारोह की अध्यक्षता वरीय पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार झा ने की.जबकि मंच का संचालन झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष अमलेश कुमार सिंह ने किया.इस अवसर पर दोनों कर्मियों को सम्मानपूर्वक विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं जीवन की नई पारी के लिए शुभकामनाएं दी गईं.वरीय पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार झा ने कहा कि पुलिस सेवा में रहते हुए दोनों कर्मियों ने अपने दायित्वों का निर्वहन किया है.सरकारी सेवा में सेवानिवृत्ति एक स्वाभाविक प्रक्रिया है,लेकिन सेवा के दौरान बनाए गए संबंध,अनुभव और यादें हमेशा साथ रहती हैं.उन्होंने दोनों के स्वस्थ,सुखमय एवं खुशहाल भविष्य की कामना की.वही झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष अमलेश कुमार सिंह ने कहा कि बिहारी राम एवं राजकुमार यादव का सेवाकाल सभी के लिए प्रेरणादायक रहा है.पुलिस परिवार में उनका योगदान और सहयोग हमेशा याद रखा जाएगा.

नगर प्रशासक ने छठ पूजा की तैयारी को लेकर किया सभी घाटों का निरीक्षण

राजमहल- छठ पूजा की तैयारियों को लेकर सोमवार को नगर पंचायत प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों ने नगर क्षेत्र के उत्तर वाहिनी गंगा तट सूर्य देव घाट, गुदारा घाट, एलसीटी घाट सहित अन्य घाटों का निरीक्षण किया. इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष केताबुद्दीन शेख, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद मारूफ उर्फ गुड्डू, कार्यपालक पदाधिकारी मोहम्मद दानिश हुसैन, वार्ड पार्षद, नगर पंचायत कर्मी मौजूद रहे. वही छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के लिए किस प्रकार सुविधा दिया जाएं.गंगा घाटों में पानी की गहराई, बैरिकेटिंग, लाइट की व्यवस्था, चेंजिंग रूम, मुख्य सड़क पर पानी की छिड़काव सहित अन्य सुविधाओं को लेकर वार्ता किया गया. इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी मोहम्मद दानिश हुसैन ने बताया कि जनप्रतिनिधियों के साथ आज हम लोग छठ पूजा को लेकर सभी गंगा घाटों का निरीक्षण कर रहे हैं. इस दौरान सूर्य देव घाट सामान्य स्थिति में पाया गया. जबकि गुदारा घाट डेंजर स्थिति में पाया गया. इसमें हम लोगों को पिछले बार की तुलना से कार्य अधिक करना पड़ेगा ताकि छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार का परेशानी ना हो. वही नगर पंचायत उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद मारूफ उर्फ गुड्डू ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र के सभी गंगा घाटों का आज हम लोग निरीक्षण कर रहे हैं ताकि समय रहते छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को सुविधा दिया जा सके. इसलिए आज हम लोग पूरे टीम के साथ सभी छठ घाटों का निरीक्षण कर रहे हैं. और सभी घाटों में नगर पंचायत के द्वारा किस प्रकार सुविधा श्रद्धालुओं को दिया जाए इसकी तैयारी में जुटे हैं.

गैर-जमानती वारंट के आरोपी गिरफ्तार

(पाकुड़)।अमड़ापाड़ा थाना पुलिस ने न्यायालय से जारी गैर-जमानती वारंट के तहत कार्रवाई करते हुए बासमती गांव निवासी 53 वर्षीय राम प्रसाद पंडित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी स्वर्गीय तुलु पंडित के पुत्र हैं।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, राम प्रसाद पंडित के विरुद्ध अमड़ापाड़ा थाना में कांड संख्या 18/21 के तहत 16 मार्च 2021 को मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में भारतीय दंड विधान (भादवि) की धारा 307, 504 एवं 34 के तहत आरोप हैं। न्यायालय में यह मामला एसटी संख्या 141/26 के रूप में दर्ज है। पुलिस ने वारंट का विधिवत निष्पादन करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। इसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल संकेत आर दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-आसनसोल, 713301 होतेते लातार रे ओलाकान कामी लागित् **खुला ई-ठिका नेवतायेत् काना। खुला ठिका खोबोर संख्या: 77-एसडीएसटीई-एएसएन-2026-27, माहित 29.10.2026, कामी रेयाक् जुतुम/जायगा:** ''आसनसोल मंडल-सीतारामपुर-झाझा खंड रे लूप लाइनको रेयाक् जेलेज बाड़हाव''। **ठिका रेयाक् पूंजी: रु.** 1,96,21,753.96, **बायना पायसा:** रु.3,92,400/-, **कामी पुराउ रेयाक् सोमोय:** एलओए ओडोडोक् रेयाक् तारीक खोन 18 चान्दो। **ठिका बोंदोक् रेयाक् तारीक आरसोमोय:** माहित 20.11.2026 हिलोक् 14.00 बजे। **वेबसाइट रेयाक् बानाडाय: http://www.ireps.gov.in/**

ASN-307/2026-27

ठिका खोबोर दो वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हों बेबोता आकान मेनाक्आ।

नोंड़े पांजालेपेः @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

सीनियर वूशु चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने जीते 02 स्वर्ण एवं 06 कांस्य पदक



साहिबगंज - झारखंड वूशु संघ रांची के तत्वधान में खूंटी में 31अक्टूबर से 01 नवंबर तक आयोजित 22वीं झारखंड राज्य स्तरीय सिनियर वूशु चैंपियनशिप में जिला वूशु संघ साहिबगंज के सचिव सह प्रशिक्षक मृत्युन्जय राय एवं सरताफ के नेतृत्व में भाग लेते हुए 02 स्वर्ण एवं 06 कांस्य पदक प्राप्त किया.रंजन घोष ने 80 किलो वर्ग एवं प्रियम घोष ने तावलु में स्वर्ण,मम्पी कुमारी ने 60 किलो वर्ग , लुखी हेंब्रम 52 किलो वर्ग,सुषमा कुमारी 48 किलो वर्ग, दिना मरांडी, सरताज आलम को तावलु स्पर्धा में कांस्य पदक जीता.विजेता खिलाड़ियों को डीसी दीपक कुमार दुबे,जिला खेल पदाधिकारी नयन कुमार, जे.ओ. ए. सदस्य राजेश यादव, जिला ओलंपिक सचिव माधव चंद्र घोष, उपाध्यक्ष कल्याण श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष संतोष उर्फ टिंकू, वूशु संघ के अध्यक्ष संतोष स्वर्णकार,कोषाध्यक्ष पिंकू महतो,एथलेटिक्स कोच योगेश यादव,अशोक कुमार, शिक्षक अभिनव कुमार,खेल शिक्षिका जूली मुर्मू समेत जिले के खेल प्रेमियों ने बधाई दी.

झारखण्ड सरकार
उद्योग विभाग, जिला उद्योग केन्द्र, देवघर

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रबन्ध निदेशक, जिडको, राँची के आदेशानुसार RAMP योजनान्तर्गत एम0एस0एम0ई0 इकाईयों द्वारा सरकारी, अर्द्ध सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों को झारखण्ड सरकार के प्रोक्योरमेंट पॉलिसी के तहत किये जाने वाले आपूर्त्ति से संबंधित जानकारी एवं भुगतान में होने वाले कठिनाईयों के समाधान एवं पोर्टल की जानकारी देने के उद्देश्य से जिला उद्योग केन्द्र, देवघर के तत्वाधान में दिनांक–03.11.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से जिला उद्योग केन्द्र, देवघर के परिसर में एक दिवसीय उद्यम पंजीकरण–सह–जागरूकता शिविर (MSME Samadhan (ODR), MSMEFC & TReDS Under RAMP Programm) विशय का आयोजन किया जाना है। उक्त शिविर में जिला के उद्यमी/व्यवसायी अपना उद्यम पंजीकरण कर सकेगें।

अतः देवघर जिला के सभी उद्यमी/व्यवसायी उक्त निर्धारित तिथि को आयोजित जागरूकता शिविर में अपने उद्यम/व्यवसाय के निबन्धन हेतु आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पास–बुक एवं आधार लिंक मोबाईल के साथ भाग लेगें।

कार्यक्रम विवरणी	निवेदक
1. आयोजन की तिथिः 03.11.2026 2. समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न 3. आयोजन स्थल : राजकीय ITI, Basuadih, Deoghar के सभागार में	महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, देवघर

ह0/–
महाप्रबन्धक,
जिला उद्योग केन्द्र, देवघर

PR 393085 Deoghar (26-27)_D

नगर परिषद् कार्यालय,साहिबगंज
Email :- nagarparishadsahibganj@yahoo.in
आम सूचना

पत्रांक– 2227/न0प0, साहिबगंज, दिनांक– 31.10.2026

एतद् द्वारा नगर परिषद् साहिबगंज क्षेत्र के समस्त नागरिकों/गृहस्वामियों/होल्डिंग धारकों/प्रतिष्ठान संचालकों को सूचित किया जाता है कि नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेशानुसार होल्डिंग टैक्स एवं ट्रेड लाईसेन्स से संबंधित राजस्व का संग्रहण नगर परिषद् साहिबगंज कार्यालय कर्मी के द्वारा किया जा रहा है। इस संदर्भ में नगर क्षेत्र के सभी होल्डिंग धारकों/प्रतिष्ठान संचालकों से अपील है कि वह अपने होल्डिंग टैक्स एवं ट्रेड लाईसेन्स से संबंधित टैक्स का भुगतान नगर परिषद् कार्यालय अथवा वार्डवार प्राधिकृत कर्मियों को कर सकते हैं। वार्ड वार प्रतिनियुक्त/प्राधिकृत कर्मियों की सूची निम्नवत् है :–

क्र0	कर्मचारी का नाम	पदनाम	आवंटित वार्ड	मोबाईल नं0
1	Rakesh Kumar Paswan	Tax Inspector	1, 2 & 3	8409657044
2	Vikki Kumar Harijan	Tehsildar	4, 5 & 6	7461866979
3	Vijay Kumar Jha	Revenue Inspector	8 & 9	6204702423
4	Sonu Kumar Mandal	Tehsildar	7, 10 & 11	7004978544
5	Sourabh Kumar	Revenue Inspector	12, 13, 14, 17, 18, 19 & 20	8507744943
6	Sonu Kumar Yadav	Revenue Inspector	15, 16, 21, 22, 23, 24 & 28	6207674991
7	Kamal Kumar Yadav	Tehsildar	25, 26 & 27	7979965655
8	Ganga Kumar	Computer Operator (Citizen Facilitation Center)		

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद् साहिबगंज।

PR 393137 Urban Development and Housing(26-27) D

Govt. of Jharkhand
Department of Labour, Employment, Training & Skill Development
Directorate of Employment and Training
3rd Floor, Nepal House, Doranda, Ranchi, Jharkhand-834002
E-mail Id: dir.et.jharkhand@gmail.com, directorate.et.jh@gmail.com

Letter No.:-1382 Date:- 02.11.2026

NOTICE INVITING TENDER (NIT)

S. No.	Particulars	Details
1	Tender Reference No.	5/TRG(PM_SETU)17/2026
2	Tender ID	2026_LABOR_120535_1
